Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 217 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शनिवार 15 फरवरी 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



हमें सिखाती है जिनवाणी,
कोई कष्ट न पावें प्राणी।
Jinwani teaches not to trouble animals.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा, विधासभा की तरह नगरीय निकाय में मिलेगी सफलता : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में चल रहे नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर घोषणा करते हुए कहा कि जिस तरह से लोकसभा और विधासभा उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत की तरह इस बार नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत की कामना की।

### राहुल गांधी ने अडाणी मामले को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में गौतम अडाणी अभियोग मुद्दे पर सवाल को खारिज करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की. उन्होंने कहा कि पीएम इसे निजी मामला बताकर अपने दोस्त को बचा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि घर में सवालों पर चुप्पी, विदेश में निजी मामला! यहां तक कि अमेरिका में भी मोदी जी ने अडाणी जी को भ्रष्टाचार के आरोपों से बचाया उन्होंने लिखा कि मोदी जी के लिए दोस्त की जेब भरना राष्ट्र निर्माण है, जबकि रिश्वतखोरी और राष्ट्रीय संपत्ति की लूट सुविधाजनक रूप से निजी मामला बन जाती है। अमेरिका की यात्रा पर गए पीएम मोदी ने इस सवाल को खारिज कर दिया कि क्या उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ गौतम अडाणी अभियोग मुद्दे पर चर्चा की है.

## प्रदेश के सभी निकायों में बने मतगणना केंद्रों में सुबह 9 बजे से शुरू होगी काउंटिंग

### सबसे पहले डाकमत पत्रों की होगी गिनती




**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के लिए परिणाम घोषित करने का वक्त आ गया है। कल 15 फरवरी को प्रदेश की 173 नगरीय निकायों के चुनाव परिणाम की घोषणा हो जाएगी. इसके लिए सभी जिलों की नगरीय निकाय में बने मतगणना केंद्र में प्रशासन ने तैयारियां कर ली हैं। प्रदेश के सभी निकायों में बने मतगणना केंद्रों में सुबह 9 बजे से काउंटिंग शुरू होगी. सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी. इसके बाद ईवीएम खोली जाएगी. माना जा रहा है कि सुबह 11 बजे तक अधिकांश निकायों के परिणामों की घोषणा हो जाएगी.

**सेजबहार स्थित स्ट्रॉग रूम में 104 मतगणना टेबल और पोस्टल बैलेट की मतगणना के लिए 10 टेबल :** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत सेजबहार स्थित स्ट्रॉग रूम में मतगणना सुबह 9 बजे से शुरू होगी। सबसे पहले डाक मत पत्रों की गिनती होगी। इसके पश्चात साढ़े 9 बजे से ईवीएम मशीन से मतों की गणना होगी। 70 वार्डों में हुए मतदान के लिए लगभग 15 राउंड में गिनती की जाएगी। इसके लिए 104 मतगणना टेबल लगाए गए है। साथ ही पोस्टल बैलेट की गणना के लिए 10 टेबल सुनिश्चित की गई है। उल्लेखनीय है कि स्ट्रॉग रूम में सुरक्षा के व्यापक व्यवस्था किए गए है। साथ ही सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ में 11 फरवरी को नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान सम्पन्न हुआ। जिसके तहत 10 नगर निगमों रायपुर, अंबिकापुर, कोरबा, चिरमिरी, जगदलपुर, दुर्ग, धमतरी, बिलासपुर, राजनांदगांव और रायगढ़ सहित 49 नगर पालिकाओं और 114 नगर पंचायतों में मतदान किया गया। इस चुनाव में महापौर के 79 और 1889 पार्षद प्रत्याशियों के साथ अध्यक्ष पद के लिए 606 उम्मीदवार मैदान में थे। जिनकी किस्मत का फैसला आज होने वाला है।

**चुनाव ड्यूटी में लापरवाही**

## 2 शिक्षक निलंबित, 118 कर्मचारियों को नोटिस

**रायपुर (विसं)।** निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने पर रायगढ़ जिले के दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है, वहीं 118 अधिकारी-कर्मचारियों को चुनाव प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने बताया कि श्री काश्मीर कुजूर (मा.शा. आश्रम तेंदुमुड़ी) और श्री अखिल शर्मा (प्रा.शा. बालक, हमालपारा) को रायगढ़ नगर निगम के मतदान दल में नियुक्त किया गया था। लेकिन 10 फरवरी को केआईटी रायगढ़ परिसर में मतदान सामग्री वितरण के दौरान दोनों शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियमों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खरसिया निर्धारित किया गया है।

## शिक्षा और एकता से ही होता है समाज, राज्य और देश की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त : मुख्यमंत्री साय

### खड़िया समाज के वार्षिक सामाजिक सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री




**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने खड़िया अनुसूचित जनजाति उत्थान समिति के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने समाज के सभी प्रबुद्धजनों और युवाओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने और अगली पीढ़ी को सही मार्गदर्शन देने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि जनजातीय समाज की वास्तविक प्रगति तब होगी जब शिक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक एकता को समान रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले वर्षों में विकास की नई ऊंचाइयां देखने को मिलेंगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा और एकता से ही समाज, राज्य और देश की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने खड़िया समाज के ऐतिहासिक सफर की चर्चा करते हुए 2011 में समाज को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने के ऐतिहासिक निर्णय को याद किया और इसके लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत में माता सरस्वती और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद तेलंगा खड़िया के छायाचित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर विधायक एवं सरगुजा क्षेत्र विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, पूर्व विधायक श्री भरत साय, और समाज के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 13 महीनों में सरकार ने दिए विकास को नए आयाम : साय

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश सरकार ने मात्र 13 महीनों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों को जमीन पर उतार दिया है। उन्होंने बताया कि सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख परिवारों को लाभान्वित करने का निर्णय लिया गया। किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए धान खरीदी की दर 3,100 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है, जिससे पिछले दो खरीफ सीजन में किसानों को 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान बेचने का लाभ मिला है। इस वर्ष प्रदेश में 149 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदी कर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया गया है।

### वनवासी समाज के उत्थान के लिए सरकार के ठोस प्रयास

मुख्यमंत्री साय ने वनवासी समाज के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण दर को ?4,000 से बढ़ाकर ?5,500 प्रति मानक बोरा कर दिया गया है, जिससे लाखों संग्राहकों को सीधा लाभ मिल रहा है। इसके अलावा 70 लाख माताओं-बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह 1,000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है। भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत प्रत्येक वर्ष 10,000 रुपए की सहायता राशि दी जा रही है, जिससे समाज के सबसे जरूरतमंद वर्ग को सीधा लाभ मिल रहा है।

## पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर पीएम मोदी, शाह और राजनाथ ने किया नमन

### आतंकियों को दी चेतावनी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पुलवामा आतंकी हमले को आज 6 साल हो गए हैं. आज ही के दिन 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने विस्फोटक लदे एक वाहन से सीआरपीएफ जवानों की बस को जोरदार टक्कर मार दी थी. इस हादसे में हमारे 39 जवान शहीद हो गए थे. वहीं, कई जवान गंभीर रूप से घायल भी हुए थे।

यह काली घटना भले ही छह साल पुरानी हो गई हो, लेकिन आज तक सभी के जेहन में याद है. इस मौके पर देश के तमाम दिग्गज वीर शहीदों को याद कर रहे हैं और उनको श्रद्धांजलि दे रहे हैं। पुलवामा आतंकी हमले की छठी बरसी पर पीएम मोदी ने देश के वीर सपूतों को याद किया है. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर वीर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते लिखा कि 2019 में हमने जिन वीर जवानों को खोया उन्हें शत-शत नमन. आने वाली पीढियां उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट समर्पण भावना को कतई नहीं भूलेगी। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह ने भी शहीद जवानों को नमन किया है. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार जीरों टॉलरेंस की नीति पर हमेशा कायम है और देश से आतंकवाद के खात्मे के लिए संकल्पित है. उन्होंने 2019 में पुलवामा आतंकी हमले को कायराना बताया. उन्होंने कहा कि उनकी कुर्बानी बेकार नहीं जाएगी।

## ग्राम सेमरिया को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने के लिए कृत संकल्पित : श्रीमती ओमवती नंदू साहू



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर जिले की आरंग जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सेमरिया से सरपंच पद हेतु श्रीमती ओमवती नंदू साहू ने ग्राम वासियों से विनम्र अपील की है कि एक बार मुझे इस ग्राम पंचायत की सेवा करने का अवसर प्रदान करें जिससे मैं ग्राम पंचायत सेमरिया को रायपुर जिले की आदर्श ग्राम पंचायत बना सकूं श्रीमती ओमवती साहू ने ग्राम की जनता जनार्दन से विनम्र निवेदन किया एवं कहा की लगातार तीन कार्यकाल के अनुभवी उनके पति नंदू साहू ने ग्राम पंचायत नरदहा से अलग कर सेमरिया को अलग ग्राम पंचायत घोषित करवाने में अपना अहम योगदान दिया तथा काफी विकास कार्य किए किंतु उसके बाद ग्राम पंचायत आरक्षित होने की वजह से ग्राम पंचायत के समस्त विकास कार्य रुक गए ग्राम की दुर्दशा आप सभी के सामने है।

उन्होंने कहा कि हमारे परिवार के कार्यकाल में जितने भी कार्य हुए उन कार्यों पर आज तक किसी भी तरह का कोई उन्नयन नहीं हुआ और ना ही किसी ने ध्यान दिया मैं आपको भरोसा दिलाती हूं की ग्राम पंचायत सेमरिया में सड़क, बिजली, अलग से नाली बनाकर नाली का पानी तालाब से न होकर अलग से नहर में गिरे उसकी व्यवस्था बनाई जाएगी स्कूलों का उन्नयन होगा तालाबों का सौंदरीकरण गांव में सामुदायिक भवन का निर्माण किसानों को फसल सुरक्षा की गारंटी, श्मशान भूमि का सौंदरीकरण शीतला मंदिर के ऊपर ज्योति कक्ष का निर्माण जैसे तमाम विकास कार्यों उनके द्वारा करवाए जाएंगे ग्राम पंचायत सेमरिया को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने में अपनी पूरी कोर कसर लगा देंगे उन्होंने आगे कहा आने वाली 17 तारीख को आप सभी गांव के ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ मतदाता बंधु गिलास चुनाव चिन्ह के दो नंबर बटन पर अपना मोहर लगाकर मुझे आशीर्वाद दें हम पुन: सेमरिया ग्राम पंचायत को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने हेतु कृत संकलित हैं।

## भारत-थाईलैंड के संबंध ऐतिहासिक : पीएम मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत और थाईलैंड के बीच प्राचीन और गहरे सांस्कृतिक संबंधों को रेखांकित किया. उन्होंने कहा कि दोनों देशों का ये रिश्ता 2000 सालों से भी ज्यादा पुराना है, जो शांति और सद्भाव की एशियाई परंपराओं को मजबूत करता है. उन्होंने इस बात पर भी प्रसन्नता जाहिर की कि थाईलैंड में 'संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पीएम मोदी ने थाईलैंड की संस्कृति, इतिहास और विरासत की सराहना करते हुए इसे एशिया की दार्शनिक और आध्यात्मिक परंपराओं का उदाहरण बताया. उन्होंने बताया कि इस संवाद पहल की शुरुआत 2015 में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के साथ चर्चा के दौरान हुई थी, जिसके बाद ये अलग-अलग देशों तक पहुंचा. इससे संवाद और बेहतर समझ को बढ़ावा मिला। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और थाईलैंड के संबंध ऐतिहासिक रूप से गहरे हैं. भारतीय रामायण और थाईलैंड की रामकियेन दोनों देशों को जोड़ती हैं, जबकि भगवान बुद्ध के प्रति साझा श्रद्धा इन्हें एकजुट करती है. उन्होंने याद दिलाया कि जब भारत ने भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष थाईलैंड भेजे थे तो करोड़ों लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। पीएम ने भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और थाईलैंड की 'एक्ट वेस्ट' नीति को एक-दूसरे का पूरक बताते हुए कहा कि ये दोनों देशों के विकास और समृद्धि को बढ़ावा देती हैं.

## भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचेगा अमेरिका, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बोले- कई अरब डॉलर तक बढ़ाएंगे सैन्य बिक्री



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका भारत को अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान बेचेगा। इसके साथ भारत अत्याधुनिक स्टील्थ विमानों वाले देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो जाएगा। ट्रंप ने कहा कि इस साल की शुरुआत में, हम भारत में सैन्य बिक्री को कई अरब डॉलर तक बढ़ाएंगे। हम अंतत: भारत को एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमान प्रदान करने का मार्ग भी प्रशस्त कर रहे हैं।

ट्रंप की वापसी के बाद पीएम मोदी का व्हाइट हाउस का यह पहला दौरा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं इस बात की सराहना करता हूं कि राष्ट्रपति ट्रंप हमेशा अमेरिका को सर्वोच्च रखते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप की तरह, मुझे भी भारत के हितों को सर्वोच्च रखते हुए काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

पीएम मोदी ने कहा कि आपको व्हाइट हाउस में वापस देखकर मुझे खुशी हो रही है, मैं भारत के 140 करोड़ लोगों की ओर से आपको बधाई देता हूंभारत के लोगों ने मुझे तीसरी बार प्रधान मंत्री के रूप में काम करने का मौका दियाज्इस कार्यकाल में, मुझे अगले 4 वर्षों के लिए एक बार फिर राष्ट्रपति ट्रंप के साथ काम करने का अवसर मिला है, और यह बहुत खुशी की बात है।

### मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करेगा अमेरिका

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2008 (26/11) के मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राणा को भारत में न्याय का सामना करना होगा। यह घोषणा राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की। ट्रंप ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मेरी सरकार ने 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले से जुड़े दोषी ताहव्वुर राणा, जो दुनिया का एक बहुत ही बुरा व्यक्ति है, के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है, ताकि वह भारत में न्याय का सामना कर सके। वह अब भारत वापस जा रहा है, जहां उसे न्याय मिलेगा। भारत सरकार लंबे समय से राणा के प्रत्यर्पण की मांग कर रही थी। वर्तमान में राणा लॉस एंजिल्स की जेल में बंद है। वह कनाडाई नागरिक है और पाकिस्तानी मूल का है।

## पाकिस्तान में बड़ा आतंकी हमला, खदान मजदूरों को ले जा रहे ट्रक को बम से उड़ाया; 10 लोगों की मौत



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** अशांत बलूचिस्तान के हरनाई इलाके में शुक्रवार को कोयला खदान श्रमिकों को ले जा रहे एक ट्रक में विस्फोट होने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। 'द डॉन' की रिपोर्ट के मुताबिक हरनाई के डिप्टी कमिश्नर हजरत वली काकर के अनुसार, यह विस्फोट हरनाई के शाहराग जिले में कोयला खदान क्षेत्र 'पीएमडीसी 94' में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से हुआ।

बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद के एक बयान के अनुसार, घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। बयान के मुताबिक सबूत इक्ट्ठा किए जा रहे हैं और शुरुआती जांच से पता चलता है कि विस्फोटक सामग्री सड़क किनारे रखी गई थी। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने घटना की निंदा की और लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने निर्देश दिया कि घायल श्रमिकों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा, निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने वाले आतंकवादी किसी भी तरह की माफी के हकदार नहीं हैं और बलूचिस्तान की शांति को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। बुगती ने कहा कि शांति के दुश्मनों के इरादों को किसी भी हालत में सफल नहीं होने दिया जाएगा। इस घटना में शामिल आतंकवादियों को जल्द ही न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। बुगती ने कहा कि बलूचिस्तान सरकार लोगों की जान-माल की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रही है।

## अमित शाह ने तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की




**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की उपस्थिति में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के महाराष्ट्र में कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, महाराष्ट्र की मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के महानिदेशक, राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के महानिदेशक और केन्द्रीय गृह मंत्रालय और राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि देशवासियों को त्वरित व पारदर्शी न्याय प्रणाली देने के लिए मोदी सरकार संकल्पित है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए अपराधों का दर्ज होना ज़रूरी है, इसलिए स्न्रढ्ढक्र दर्ज करने में किसी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र नए आपराधिक कानूनों के अनुरूप एक आदर्श डायरेक्टरेट ऑफ प्रॉसिक्यूशन की व्यवस्था बनाए।

## ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और मूलभूत सुविधाएँ मुहैया कराने की दिशा में प्रदेश की साय-सरकार ने उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की : भाजपा




**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव समिति के प्रदेश संयोजक सौरभ सिंह ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएँ मुहैया कराने की दिशा में अपने महज 13 माह के कार्यकाल में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी भाजपा सरकार के प्रति अटूट विश्वास का वातावरण बना है।

**सरकार बनते ही प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए, इस वर्ष केन्द्र ने छत्तीसगढ़ को सर्वाधिक लक्ष्य दिया : सौरभ सिंह**

भाजपा पंचायत चुनाव समिति के प्रदेश संयोजक श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 18 लाख आवासों को स्वीकृति दी गई। 18 लाख गरीब परिवारों को पक्के आवास देने की मोदी की गारंटी के पालन में वित्तीय वर्ष 2024-25 में पीडब्ल्यूएल सूची से बचे हुए सभी 6,99,331 का लक्ष्य और आवास प्लस से कुल सूचीबद्ध 8,19,999 में से 1,47,600 का लक्ष्य, कुल लक्ष्य 8,46,931 आवासों की स्वीकृति प्राप्त हुई। इस वर्ष केन्द्र द्वारा 17 राज्यों को दिए गए लक्ष्य में से छत्तीसगढ़ को सर्वाधिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। श्री सिंह ने बताया कि कुल 8,46,931 प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध 6,99,972 स्वीकृत आवासों में से 1.80 लाख आवास पूर्ण हो चुके हैं। गृह पोर्टल से योजना की निगरानी और कियान्वयन को पारदर्शी बनाया गया है। निर्माण सामग्रियों, राज मिस्त्रियों, और दुर्गम क्षेत्रों की पहचान सुनिश्चित की गई है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री आवास योजना अन्तर्गत लक्ष्य 47,090 के विरुद्ध 38,595 आवास स्वीकृत किए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हिंडाल्को के सीएसआर प्रमुख विजय प्रकाश मिश्र से ब्यूरों चीफ ने मुलाकात कर भेंट किया दैनिक विश्व परिवार का कैलेंडर



**बलरामपुर ( विश्व परिवार )।** शुक्रवार को दैनिक विश्व परिवार के बलरामपुर ब्यूरों चीफ जितेन्द्र सिंह ने हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड कार्यालय कुसमी में सीएस आर प्रमुख विजय प्रकाश मिश्र से सौजन्य मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने दैनिक विश्व परिवार समाचार पत्र के साथ वार्षिक कैलेंडर प्रति भेंट किया। श्री मिश्र ने दैनिक विश्व परिवार समाचार पत्र के लेखन एवं प्रकाशन की प्रशंसा किया। ज्ञात हो की दैनिक विश्व परिवार समाचार पत्र अहिंसा पर आधारित है। यह झांसी से रायपुर प्रकाशित होने वाला नियमित हिन्दी समाचार है।

### कांजी हाउस एवं संधारित सुलभ शौचालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे : आयुक्त

**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के कोसा नगर भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन के पास स्थित कांजी हाउस का निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय सुबह-सुबह पहुच गये। वहां पर जानवरो के खाने के लिए प्रदाय किये जा रहे चारा, पानी एवं व्यवस्था का निरीक्षण किये।



वर्तमान में कांजी हाउस का संचालन एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, उपअभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, संचालनकर्ता एजेंसी शोभूराम साहू को निर्देशित किये कि जानवरो के चारे, पानी का उचित प्रबंध हो। बिमार पड़ने पर शासकीय पशु चिकित्सक को बुलाकर ईलाज करवाया जाये। पशु चिकित्सक बीच-बीच में आकर ईलाज करते रहेगें।

## कलेक्टर-एसपी ने मतगणना की तैयारी का लिया जायजा

**अध्यक्ष एवं पार्षद पद के निर्वाचन हेतु मतगणना आज, मतगणना स्थल पर प्रवेश प्रातः 7 बजे से एवं मतगणना प्रातः 9 बजे से**

**मतगणना स्थल पर प्रत्येक वार्ड के लिए 1-1 गणना टेबल की व्यवस्था**

**मतगणना स्थल पर लैपटॉप, आई पैड, मोबाईल, इलेक्ट्रानिक उपकरण, पान, बीड़ी, सिगरेट एवं अन्य मादक पदार्थ प्रतिबंधित**



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल नें शुक्रवार को पण्डित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में मतगणना की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए मतगणना सम्पन्न कराने के निर्देश दिये।नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले के 8 नगरीय निकायों में अध्यक्ष और पार्षद पद के निर्वाचन हेतु मतगणना 15 फरवरी 2025 को सुबह 9 बजे से निर्धारित मतगणना स्थल में होगी। मतगणना स्थल पर प्रवेश प्रातः 7 बजे से शुरू हो जाएगा तथा ईव्हीएम में डाले गये मतों की गणना प्रातः 9 बजे प्रारम्भ होगा। ईव्हीएम से मतगणना शुरू होने के आधा घण्टा पहले डाक मत पत्रों की गिनती होगी।

मतगणना कक्ष में प्रत्येक वार्ड के लिए 1-1 गणना टेबल की व्यवस्था की गई है अर्थात नगरीय निकाय में जितने वार्ड हैं उतने ही गणना टेबल लगाए गये हैं जिसके लिए 1 रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को नियुक्त किया गया है। प्रत्येक टेबल पर गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक तथा प्रत्येक 3 टेबल पर 1-1 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। अध्यक्ष पद हेतु प्रत्येक टेबल पर 1 एवं पार्षद पद हेतु संबंधित वार्ड के टेबल पर प्रत्येक अभ्यर्थी 1 गणना अभिकर्ता नियुक्त कर सकते है। रिटर्निंग आफिसर द्वारा गणना अभिकर्ताओं को परिचय पत्र जारी किया गया है जिसे गणना के दिन अनिवार्य रूप से धारित करने पर ही मतगणना कक्ष में प्रवेश दिया जायेगा। सर्वप्रथम गणना प्रारंभ होने के ठीक पूर्व गोपनीयता बनाये रखने हेतु घोषणा की जायेगी। मतगणना कक्ष से 100 मीटर पहले पार्किंग में वाहन रखकर पैदल चलते हुए मतगणना कक्ष में प्रवेश कराया जाएगा तथा गणना अभिकर्ता नियत टेबल पर ही बैठेंगे। गणना अभिकर्ताओं को सुबह 8 बजे मतगणना कक्ष में पहुँचकर नियत टेबल में बैठना होगा। मतगणना स्थल पर लैपटॉप, आई पैड, मोबाईल, इलेक्ट्रानिक उपकरण, पान, बीड़ी, सिगरेट एवं अन्य मादक पदार्थ प्रतिबंधित रहेंगे।

नगरपालिका परिषद बलौदाबाजार एवं नगर पंचायत लवन के लिए मतगणना हेतु आवश्यक तैयारी पण्डित चक्रपाणी शुक्ल शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में की गई है। नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के मतगणना कक्ष में प्रवेश के लिए स्कूल के मुख्य प्रवेश द्वार से अभ्यर्थी एवं गणना अभिकर्ता प्रवेश करेंगे। अधिकारी -कर्मचारी एवं मीडिया प्रतिनिधि स्कूल ग्राउंड की ओर से गेट नंबर 1 से तथा नगर पंचायत लवन के मतगणना कक्ष में प्रवेश के लिए गेट नंबर 2 निर्धारित किया गया है। मीडिया प्रतिनिधियों को मतगणना कवरेज के लिए मतगणना कक्ष में 4 या 5 प्रतिनिधियों के समूह में अधिकृत अधिकारी के साथ बारी - बारी से जाना होगा मतगणना के समय ईव्हीएम के स्क्रीन का वीडियो बनाना प्रतिबंधित होगा।

इसी तरह नगर पालिका परिषद भाटापारा के लिए गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा, नगर पालिका परिषद सिमगा के लिए पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सिमगा, नगर पंचायत पलारी एवं नगर पंचायत रोहांसी के लिए स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पलारी, नगर पंचायत कसडोल एवं नगर पंचायत टुंड्रा के लिए श्री. दौलत राम शर्मा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कसडोल में मतगणना की व्यवस्था की गई है।

## गिरौदपुरी मेला का आयोजन 4 से 6 मार्च तक, कलेक्टर-एसपी ने तैयारियों का लिया जायजा

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणि बाबा गुरू घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी में आगामी 4 से 6 मार्च 2025 तक विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा।कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने गिरौदपुरी का दौरा कर मेले के लिए प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मंदिर परिसर में मेला समिति से जुड़े सदस्यों से व्यवस्था संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया और विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्य सौंपते हुए समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि प्रति वर्ष यहां विशाल मेले का आयोजन होता है। इस बार भी मेला के सफल आयोजन के लिए बेहतर तैयारी करें। उन्होंने मंदिर परिसर, जैतखाम, विश्रामगृह, पार्किंग, एरिया, सुरक्षा, लाइटिंग, पेयजल, दर्शनार्थियों के ठहरने की व्यवस्था आदि की बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कम्यूनिटी टॉयलेट और संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीव्ही लगाने को भी कहा है।

## सिंगलयूज प्लास्टिक बेचने और खरीदने वाले हो जाएं सावधान



**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 01 अंतर्गत सिंगलयुज प्लास्टिक रखने, गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग नहीं रखने वाले व्यापारियो पर चालानी कार्यवाही लगातार की जा रही है। फिर भी कुछ व्यापारी अपने आदत से बाज नहीं आ रहे है। आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन-01 नेहरू नगर की टीम द्वारा वार्ड क्रं. 10 एवं 11 क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे थे, कुछ भी नहीं मिला। जैसे ही पीछे से छिपकर देख रहे है, फिर प्लास्टिक में बेचना शुरू हो गया। साथ ही गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालकर नहीं रखा जा रहा था। ऐसे दुकान संचालको पर 4600 रूपये का चालानी कार्यवाही कर अर्थदण्ड वसूल किया गया।

निगम आयुक्त पाण्डेय के निर्देश पर भिलाई को प्लास्टिक मुक्त एवं साफ-सथरा शहर बनाने लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिससे नगर निगम भिलाई को पर्यावरण से जोड़कर सुन्दर बनाया जा सके। प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कुछ दुकानदारों को बार-बार समझाईस देने के बाद भी सड़क पर सामान रख विक्रय कर रहे है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है, आदतन कचरा भी वहीं फेंक देते है, जैसे ही निगम के अधिकारी कर्मचारी बाजार में पहुंचते है तरह-तरह का व्यापारी छूठ बोलते है। इतना ही कैरी बैग है, नहीं बेच रहे थे, पुराना पड़ा था, कागज के थैले में बेचेगें। ग्राहक आते ही धीरे से छिपाकर प्लास्टिक निकालते है सामान बेच देते है। ग्राहक भी झोला लेकर चलने की आदत छोड़ चुके है, सब एडवांस बन चुके है।

साथ ही सिंगलयूज प्लास्टिक प्रतिबंधित होने के बाद भी खादय पदार्थ डालकर ग्राहको को बेचा जा रहा है, जिससे शहर में कचरा फैला रहे है। आज इन दुकानदारो से जयसवाल नास्ता सेंटर से 500, पंकज सोनकर गन्ना जूस सेंटर से 800, इस्लाम नारियल सेंटर से 300, निलंम बुट हाउस से 800, एन जी किरानाा स्टोर से 800 एवं साहू चाय सेंटर से 100 रूपये एवं अन्य दुकानदारो से चालानी कार्यवाही कर अर्थदण्ड वसूल किया गया और उनको समझाइस भी दिया गया। यदि दुसरी बार गलती किये तो उनका गुमशता, ट्रेड लाईसेंस निरस्त कर सामग्री जप्त कर लिया जायेगा। कार्यवाही के दौरान जोन स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, संतोष हरमुख, किस्टोपर अपने दल के सदस्यो के साथ उपस्थित रहे।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **रामकृष्ण परमहंस नगर कोटा कॉलोनी** रायपुर में निर्मित **बी टाईप भवन** योजना में से **भवन / भूखण्ड क्रमांक बी-96 श्री राजेश केशरवानी पिता श्री गोरे लाल केशरवानी** को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा **दिनांक 30.03.2002** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु **दिनांक 13.01.2025** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन / भूखण्ड **श्रीमती रमा देवी पति श्री एल.आर.सी. नायर** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574**
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी बोरियाकला, जिला रायपुर, में स्थित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत निर्मित **फ्लैट क्र. एल.आई.जी -552, ब्लॉक-35 प्रथम तल श्री शुभांकर नंदी पिता श्री शंकर चन्द्रा नंदी निवासी:- सी-323, रोहिणीपुरम गैस गोडाउन रोड रायपुर तह व जिला-रायपुर ( छ.ग. )** के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन **आदेश क्र. 7876 दिनांक 08.07.2009** के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आंबटित है। आबंटी द्वारा फ्लैट का पूर्ण मूल्य जमा कर **दिनांक 25.03.2010** को लीजडीड निष्पादित कराने के उपरांत पत्र **क्रमांक 9268 दिनांक 03.12.2011** को आधिपत्य आदेश जारी किया गया है। मूल आंबटी **श्री शुभांकर नंदी पिता श्री शंकर चन्द्रा नंदी,** उक्त फ्लैट को दान अनुमति हेतु आवेदन पत्र, दान विलेख की छायाप्रति एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त फ्लैट को **दानग्रहिता श्रीमती काकुली नंदी पति श्री शुभांकर नंदी निवासी:- सी-323, रोहिणीपुरम गैस गोडाउन रोड़ रायपुर तह व जिला-रायपुर ( छ.ग. )** के पक्ष में दान करने हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन/फ्लैट के दान विलेख करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर छ.ग.**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

पत्र क्र./17934/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 13-02-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 17934**
**वार्ड का नाम- 03 - संत कबीर दास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 03 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR104N0056A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **JAI KRISHNA MADHWAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GURU SHWAMI MADHWAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **GAYATRI MISHRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O MITHILESH MISHRA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

पत्र क्र./17938/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 13-02-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 17938**
**वार्ड का नाम- 04 - यतियतन लाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 04 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR104F0337C** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KISHORE KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MULCHAND BODHWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NIKITA ANDANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **D/O PREMCHAND ANDANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

पत्र क्र./17998/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 13-02-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 17998**
**वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107L489BY** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AADHARSHILA DEVELOPERS, VASUDEV PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHIMJI BHAI PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **BHARTI NETAM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **D/O M.L. NETAM** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

पत्र क्र./17935/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 13-02-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 17935**
**वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107L489BX** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AADHARSHILA DEVELOPERS, VASUDEV PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHIMJI BHAI PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **INDU MALLAH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O LATE AJAY MALLAH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

पत्र क्र./17937/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 13-02-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 17937**
**वार्ड का नाम- 04 - यतियतन लाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 04 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR104F0337A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KISHORE KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MULCHAND BODHWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. GANGA ANDANI 2 LOVELY ANDANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O 1. PREMCHAND ANDANI D/O 2. PREMCHAND ANDANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone3@gmail.com**

पत्र क्र./18103/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025
रायपुर, दिनांक 13-02-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 18103**
**वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR332A0142C** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DR. GOPI CHAND BHOJWANI** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O MITERO MAL BHOJWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमति कविता भोजवानी पति - स्व. श्री गोपीचंद भोजवानी** पिता/पति श्री/श्रीमती **2 विजय भोजवानी पिता - स्व. श्री गोपीचंद भोजवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone3@gmail.com**

पत्र क्र./18150/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025
रायपुर, दिनांक 13-02-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 18150**
**वार्ड का नाम-10- रानी लक्ष्मी बाई वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-10 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227C00230** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **JAYET BHURA S/O MULCHAND BHURA, JAYSHRI BHURA W/O JAYET BHURA** पिता/पति श्री/श्रीमती **JAYET BHURA S/O MULCHAND BHURA, JAYSHRI BHURA W/O JAYET BHURA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री अमित गंग** पिता/पति श्री/श्रीमती **पिता - श्री प्रेम चंद गंग** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर छ.ग.**
**राजस्व मामले की श्रेणी**

रा.मा. क्र./202501111500039 / अ-6/2024-25

रायपुर, दिनांक 31/01/2025

प्रति,
मेसर्स चिन्मय बिल्डर्स प्राईवेट लिमिटेड
द्वारा डायरेक्टर श्री चिन्मय दावडा पिता प्रकाश दावडा
पता - 1, पुष्पक अपार्टमेंट छोटापारा
गवर्नमेंट स्कूल के सामने रायपुर ( छ.ग. )
द्वारा - माल जमादार, तहसील कार्यालय रायपुर ( छ.ग. )

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदिका **श्रीमती सारिका जैन पति धीरज जैन पता फ्लैट नंबर SC 3, शिवम HP गैस बिल्डिंग, कल्याण हॉस्पिटल लेन बिलासपुर रोड वाल्टेयर गेट फाफाडीह रायपुर ( छ.ग. )** द्वारा इस न्यायालय में छ. ग. **भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110** के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, **ग्राम फाफाडीह, प.ह.नं. 48, तहसील व जिला रायपुर** स्थित परिवर्तित भूमि शीट **नंबर 14, भूखंड क्रमांक 3 / 2** का भाग, लेआउट के अनुसार **प्लाट नंबर 16, रकबा 602 वर्गफुट भूमि** को आवेदक द्वारा **विक्रेता मेसर्स चिन्मय बिल्डर्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर श्री चिन्मय दावडा पिता प्रकाश दावडा पता -1, पुष्पक अपार्टमेंट छोटापारा गवर्नमेंट स्कूल के सामने रायपुर ( छ.ग. )** से पंजीकृत विक्रय पत्र **दिनांक 08.01.2025** को क्रय किया गया है। अतः उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर आवेदित भूमि को आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है ।

अतः आप उक्त प्रकरण में पेशी **दिनांक 19/02/2025** को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

**नायब तहसीलदार**
**रायपुर**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

पत्र क्र./17962/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 13-05-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 17962**
**वार्ड का नाम- 04 - यतियतन लाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 04 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR104D00561** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NIRMALA SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O KUMAR SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. HEMEEN SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O GHANSHYAM SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

पत्र क्र./17960/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 13-02-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 17960**
**वार्ड का नाम- 04 - यतियतन लाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 04 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR105A03847** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ANITA RAJANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O VIJAY RAJANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री राजेश कुमार अग्रवाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता - स्व. श्री धरम चंद अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

पत्र क्र./ 17961/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 13-02-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 17961**
**वार्ड का नाम- 04 - यतियतन लाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 04 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR104J0004K** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DEENANATH SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O BUNNI LAL SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **CHANDRA KUMAR SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O RAM CHANDRA SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./18024/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 06-02-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 18024**
**वार्ड का नाम- 55 - रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652K0219P** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJKUMAR, ASHOK KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. VASANMAL WADHWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. NAUSHABA KHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ASIF IQBAL KHAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone3@gmail.com**

पत्र क्र./18105/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025
रायपुर, दिनांक 13-02-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 18105**
**वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR332A00174** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RITA GOYAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O VINOD GOYAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री धनेश शेरवानी** पिता/पति श्री/श्रीमती **पिता - श्री रमेश लाल शेरवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री विवेकानन्द दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./18023/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 06-02-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 18023**
**वार्ड का नाम- 55 - रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652K00218** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KUMPARAM CHOUDHARY, TARARAM CHOUDHARY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DALARAM CHOUDHARY, JAITAJI CHOUDHARY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ASIF IQBAL KHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ABDUL ZABBAR KHAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## संक्षिप्त समाचार

### माध्यमिक शाला पतरा पाली के बच्चो ने पुलवामा आतंकी हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि दे किया याद



**सूरजपुर ब्यूरो-( दैनिक विश्व परिवार )**-विकासखंड रामानुजनगर के माध्यमिक शाला पतरापाली में आज आज पुलवामा आतंकी हमले में शहीदो को श्रद्धांजलि दी गयी। विद्यालय की अनीता सिंह ने बच्चों को बताया कि छह साल पहले, 14 फरवरी 2019 को दोपहर करीब 3 बजे, जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में एक ऐसा आतंकी हमला हुआ जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। जैश-ए-मोहम्मद के आत्मघाती हमलावर आदिल अहमद डार ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी से सीआरपीएफके काफिले पर हमला किया था। इस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस घटना ने भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में और तनाव बढ़ा दिया था, क्योंकि इस हमले के पीछे पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन का हाथ था। हमले के दिन, जम्मू से श्रीनगर जा रहे सीआरपीएफके काफिले में 78 बसें थीं, जिनमें लगभग 2500 जवान सवार थे। अचानक, पुलवामा जिले के अवंतीपोरा। इलाके में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ने विस्फोटकों से लदी कार को काफिले की एक बस से टकरा दिया। टक्कर होते ही जबरदस्त धमाका हुआ, जिससे बस के परखच्चे उड़ गए। धमाके की गूंज दूर-दूर तक सुनाई दी और चारों ओर धुआं और मलबा फैल गया। इस दिन को हमारे देश भारत में काला दिवस के रूप में मनाते हैं। सभी बच्चों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर अपनी संवेदना व्यक्त की।

### सूरजपुर जिला को गौरवान्वित कर रहे हैं डी.ए.वी. विश्रामपुर का चेशांत पटेल एवं श्रेयश





**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल विश्रामपुर के सत्र 2023 - 24 के बारहवीं कक्षा, गणित संकाय से उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थी चेशांत कुमार पटेल, पिता श्री युधिष्ठिर प्रसाद पटेल ने जे.ई.ई. मेंस परीक्षा 2025 सेशन-1 में फ़िज़िक्स - 99 अंक , केमिस्ट्री - 98 अंक एवं मैथ्स - 98 अंक, कुल 99.25 पर्सेंटाइल तथा सत्र 2024 - 25 के बारहवीं कक्षा, गणित संकाय में अध्ययनरत छात्र श्रेयश कुमार , पिता श्री संजीव कुमार सिंह ने फ़िज़िक्स- 97 अंक, केमिस्ट्री- 94.9 अंक, मैथ्स - 73.9 अंक, कुल 95.43 पर्सेंटाइल के साथ शानदार सफलता अर्जित कर जे.ई.ई. एडवांस 2025 परीक्षा के लिए पात्रता हासिल कर लिया है। उक्त होनहार छात्रों ने अटूट लगन, दृढ़ - इच्छाशक्ति एवं सही दिशा में कड़ी मेहनत करते हुए उक्त परीक्षा में शानदार कामयाबी हासिल कर अपने माता -पिता एवं डी. ए. वी. विश्रामपुर को गौरवान्वित किया। विद्यालय प्राचार्य महोदय सहित समस्त विद्यालय परिवार विश्रामपुर ने प्रतिभाशाली छात्रों चेशांत कुमार पटेल और श्रेयश कुमार की शानदार उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक मंगलकामनाएँ की। प्राचार्य महोदय श्री एच .के. पाठक जी ने कहा कि कड़ी मेहनत, लगन और सही दिशा में सार्थक प्रयास से किसी भी बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। जीवन में कई बाधाएँ आती हैं, ऐसे समय में हमें दृढ़ - इच्छाशक्ति के साथ अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए जुट जाना चाहिए। उन्होंने उक्त विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए जे.ई.ई. एडवांस 2025 परीक्षा के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं । विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं एस. ई. सी. एल. बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री अजय तिवारी जी ने उक्त छात्रों की बड़ी कामयाबी के लिए बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### श्रमिक नेता सुजीत सिंह बने कोल फेडरेशन के महामंत्री मजदूरो में हर्ष



**सूरजपुर ब्यूरो -(दैनिक विश्व परिवार)**-भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ का धाकड़ एवं लोकप्रिय मजदूर नेता सुजीत सिंह को भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ एस ई सी एल कोल्ड फेडरेशन कोलफेडरेशन के महामंत्री नियुक्त किया गया है, इस नियुक्ति से बीकेकेएमएस सहित श्रमिकों में काफी प्रसन्नता देखी जा रही है। इस संबंध में बताया जाता है कि युवा श्रमिक नेता सुजीत सिंह अखिल भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ के एस ई सी एल कंपनी के चार क्षेत्रों का अध्यक्ष के साथ-साथ अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज विश्रामपुर इकाई के अध्यक्ष सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े होने के साथ-साथ श्रमिकों में काफी लोकप्रिय है उनकी इसी प्रियता के कारण भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ ने कोलफेडरेशन का महामंत्री नियुक्त किया गया है। सुजीत सिंह के इस नियुक्ति से श्रमिकों के साथ-साथ युवाओं में भी प्रशंसता देखी जा रही है। लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# शिक्षक गोपाल सिंह को संभाग स्तर पर शिक्षा श्री पुरस्कार से किया गया सम्मानित

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो दैनिक (विश्व परिवार)**-प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी संभाग स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ जिसमें शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर में पदस्थ रसायन शास्त्र के व्याख्याता गोपाल सिंह को संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा हेमंत उपाध्याय के द्वारा सरगुजा जिले के जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा और सहायक संचालक विनोद राय की उपस्थिति में मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण योजना के अंतर्गत शिक्षा श्री से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाले उन शिक्षकों को दिया जाता है जो बच्चों केअध्ययन-अध्यापन के साथ उनके विभिन्न कौशालों का विकास,बौद्धिक,शारीरिक एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति उत्तरदायित्व के लिए प्रेरणादायक कार्य करते हैं और जो दूसरों को भी अच्छे कार्य के लिए प्रेरित करते हैं,यह सम्मान संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों से सर्वश्रेष्ठ तीन शिक्षकों को दिया जाता है।शिक्षक के द्वारा अभी तक अपने विद्यालय से




चार बार राष्ट्रीय स्तर पर कुल छःविद्यार्थियों को और छःबार राज्य स्तर पर कुल पंद्रह विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में सम्मानित कराया जा चुका है।शिक्षक के द्वारा विद्यालय में गणित एवं विज्ञान क्लब,यूथ एवं इको क्लब,युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम,योग की कक्षा,प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी,मोटिवेशनल स्पीच के अलावा स्कूल स्तर पर संचालित विभिन्न प्रकार के शैक्षिक कार्यक्रमों का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से कराया जाता है। शिक्षक नेअपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने संस्था के प्राचार्य पी सी सोनी को दिया है,जिनका हमेशा उनके प्रत्येक शैक्षणिक गतिविधि में विद्यालय स्तर पर सहयोग और मार्गदर्शन बना रहता है।इस सम्मान को प्राप्त करने पर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल,सहायक संचालक शिक्षा रविंद्र सिंह देव,जिला मिशन समन्वयक (समग्र शिक्षा)शशिकांत सिंह,संस्था के प्राचार्य पी सी सोनी,विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज,सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार साहू,खंड स्त्रोत समन्वयक मनोज कुमार जायसवाल, इंस्पायर अवार्ड के प्रभारी संतोष उपाध्याय, अर्थशास्त्र की व्याख्याता निशा सिंह,प्रधान पाठक सीमांचल त्रिपाठी, के अलावा जिले और विकासखंड के समस्त शैक्षणिक स्टाफ ने शिक्षक की इस उपलब्धि पर बधाई दी है।व्याख्याता गोपाल सिंह को सम्मानित किए जाने पर शिक्षकों और पालकों में हर्ष है।

## आबकारी विभाग सूरजपुर की अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही



**सूरजपुर ब्यूरो- (दैनिक विश्व परिवार )**-आबकारी आयुक्त श्रीमती आर संगीता एवं कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के निर्देशन एवं संभागीय उपायुक्त आबकारी श्री विजय सेन शर्मा एवं जिला आबकारी अधिकारी इन्द्रबली सिंह मार्कण्डेय के मार्गदर्शन में आज आबकारी वृत सुरजपुर अंतर्गत ग्राम पचिरा थाना सुरजपुर जिला सुरजपुर निवासी राजकुमार पिता स्वर्गीय रामकुमार उम्र 29 वर्ष के कब्जे से 15 लीटर हाथभट्टी निर्मित कच्ची महुआ मदिरा एवम 200ग्रद्द महुआ लहान बरामद कर जप्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क ,च, 34(2), 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिला किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में वृत सुरजपुर प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक प्रदीप वर्मा, आबकारी मुख्य आरक्षक कृष्णा कुशवाहा, मेवालाल सोनवानी आबकारी आरक्षक कमलेश्वर राजवाड़े, होलसाय राजवाड़े की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने रोका नाबालिक का बाल विवाह

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार )**-कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के कुशल मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल के नेतृत्व में सूरजपुर को बाल विवाह मुक्त बनाने की ओर जिला प्रशासन की संयुक्त टीम पूरी तरह अग्रसर है।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल को सूचना प्राप्त हुई की नगर केन्द्र सूरजपुर में एक 17 वर्ष 06 माह की लडकी का बाल विवाह किया जाने वाला है जिसकी सूचना जिला कार्यक्रम अधिकारी को दी गई जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देश पर संयुक्त टीम का गठन कर तत्काल मौके पर जांच एवं कार्यवाही हेतु टीम जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायवाल एवं परियोजना अधिकारी श्रीमती वर्षा अग्रवाल के



साथ पहुंची, वहीं जांच करने पर पाया कि बालिका का उम्र 17 वर्ष 07 माह 20 दिन हो रहा है मण्डप की तैयारी की जा रही है और परिवार वाले तिलक की रस्म करने के लिए कोरिया जाने की तैयारी में हैं परिवारजनो को समझाईस दिया गया कि अभी लडकी विवाह योग्य नही है 18 वर्ष पूर्ण करने पर ही विवाह किया जा सकता है उसके पूर्व विवाह करने पर बाल विवाह प्रतिशेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया जायेगा जिसके तहत एक लाख रूपये जुर्माना एवं दो वर्ष की सजा का प्रावधान दिया गया है समझाईस पर परिवार जनो ने बालिका के 18 वर्ष पूर्ण होने पर विवाह करने की सहमती प्रदान की जिसका वचन पत्र कथन मौका पंचनामा बालिका का कथन लिया गया वहां उपस्थित सभी को बाल विवाह नही करने और बालविवाह के दुष्परिणाम में संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही सभी को बाल विवाह मुक्त भारत, बाल विवाह मुक्त छ0ग0, बाल विवाह मुक्त सूरजपुर बनाने की अपील की गई सभी ने बाल विवाह मुक्त अभियान में अपनी सहभागिता देने की बात कहीं, सभी को टोल फ्री न0 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, टोल फ्री न0 महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन टोल फ्री न0 112 की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यवाही मे जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल, परियोजना अधिकारी श्रीमती वर्षा अग्रवाल, संरक्षण अधिकारी श्री अखिलेख सिंह , पर्यवेक्षक अविधा उईके, चाईल्ड लाईन से कार्तिक मजूमदार, सुश्री शीतल सिंह, पवन धीवर आउट रीच वर्कर, पुलिस विभाग से हेड कांस्टेबल अखिलेश यादव, प्रेम सागर साहू उपस्थित थें।

## दिग्विजय कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का भव्य शुभारंभ

**राजनांदगांव।** दिग्विजय महाविद्यालय में 13 से 15 फरवरी तक तीन दिवसीय अंतरास्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन आज 13 फरवरी को किया गया । संगोष्ठी का मुख्य विषय भारतीय साहित्य का वैश्विक स्वरूप: चिंतन और विमर्श है, जिसमे देश विदेश से आये ख्यातिप्राप्त विद्वानों, शोधकर्ताओं और प्राध्यापकों ने भाग लिया । उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ आर श्रीधर (कुलपति, कलिंगा विश्यविद्यालय रायपुर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय साहित्य न केवल अपने संस्कृतिक मूल्यों को संजोय हुए है बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बना रही है । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या




डॉ सुचित्रा गुप्ता ने ऑनलाइन माध्यम से की एवं स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। साहित्य के वैश्विक स्वरूप के विषय में प्रकाश डालते हुए उन्होंने तीन तीनों विभाग हिंदी अंग्रेजी एवं संस्कृति को इस संगोष्ठी की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर अनीता महेश्वर ने भी अपना स्वागत है प्रस्तुत किया। जबकि मुख्य वक्ता के रूप में डॉ श्रीराम परिहार वरिष्ठ साहित्यकार, खंडवा ने भारतीय साहित्य, संस्कृति की व्यापकता और वैश्विक प्रभाव पर अपने विचार सांझा किए। उन्होंने ने कहा भाषा मे मान, सम्मान और स्वाभिमान ही हमारी धरोहर है। तत्पश्यात पुस्तकों का विमोचन किया गया। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ नीलू श्रीवास्तव ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनिता शंकर ने किया।

## इंडियन ओवरसीज बैंक ने दृष्टिहीन बच्चों के साथ मनाया गया स्थापना दिवस.........

**राजनांदगांव।** इंडियन ओवरसीज बैंक क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर ने बैंक का 89वां स्थापना दिवस नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड की रायपुर शाखा प्रेरणा गुरुकुलम विद्यापीठम के दृष्टिहीन बच्चों के साथ मनाया। इस अवसर पर बैंक ने बच्चों द्वारा केक कटवाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। बैंक द्वारा सभी बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं सभी विजेताओं तथा अन्य सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया। इसके साथ ही कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत इंडियन ओवरसीज बैंक के छत्तीसगढ़ राज्य प्रमुख गौरी शंकर नायक द्वारा प्रेरणा गुरुकुलम विद्यापीठम के बच्चों के लिए म्यूजिक सिस्टम एवं



डेस्कटॉप कम्प्यूटर सेट भेंट स्वरूप प्रदान किया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर युवा संस्था रायपुर के संस्थापक एम. राजीव (अधीक्षक, जीएसटी) मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे एवं उन्होंने अपने आशीर्वचनों से सभी बच्चों का हौसला बढ़ाया एवं प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु जल्द ही दृष्टिहीन बच्चों को समर्पित युवा रायपुर की नई शाखा खोलने का आश्वासन भी दिया।

## संकुल कन्या विश्रामपुर में मनाया गया मातृ पितृ पूजन दिवस



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-आज संकुल कन्या विश्रामपुर के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कन्या शिवनंदनपुर में मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्राओं के माता-पिता उपस्थित थे। सर्वप्रथम छात्राओं ने अपने माता-पिता को ऊंचे स्थान पर बिठाकर उन्हें कुमकुम का तिलक लगाया तथा उन्हें माला पहनाकर मिष्ठान खिलाकर का उम्र भर उनकी सेवा करने का दृढ़ संकल्प लिया।

विद्यालय की प्रधान पाठिका दयामणी लकड़ा ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हर साल 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन माता-पिता को सम्मान, प्यार और देखभाल देने के लिए समर्पित है, जिसके वे हकदार हैं। इस दिन की



शुरुआत माता-पिता के लिए सच्चे प्यार और सच्चे वेलेंटाइन को उसके शुद्धतम रूप में मनाकर हर घर और मानव हृदय में एक सामाजिक जागृति लाने के लिए यह पहल शुरू की गई थी।

इस अवसर पर 40 छात्र छात्राओं की माता-पिता सम्मिलित हुए। अपने लिए अपने बच्चों के मन में ऐसी श्रद्धा देखकर कई माता-पिता भावुक हो गए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की प्रधान पाठक श्रीमती दयामणी लकड़ा शिक्षिका नमीता निगम, मनीषा लकड़ा और संजू और संकुल समन्वयक गौरी शंकर पांडेय का सराहनीय योगदान रहा।

## अप्राकृतिक यौन सम्बन्ध से नहीं अपितु बवासीर की वजह से हुई पत्नी की मृत्यु, हाईकोर्ट ने पति को किया बरी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि अगर पति अपनी वयस्क पत्नी के साथ उसकी सहमति के बिना भी यौन संबंध या अप्राकृतिक यौन क्रिया करता है, तो इसे अपराध नहीं माना जा सकता. न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार व्यास की एकलपीठ ने यह फैसला सुनाते हुए जगदलपुर के एक निवासी को बरी कर दिया, जिसे निचली अदालत ने बलात्कार, अप्राकृतिक यौन संबंध और अन्य आरोपों में दोषी ठहराया था. आरोपी को 2017 में गिरफ्तार किया गया था, जब उसकी पत्नी की मृत्यु के बाद उस पर भारतीय दंड संहिता (द्बक्क्ष्ट) की धारा 376 (बलात्कार), 377 (अप्राकृतिक यौन संबंध) और 304 (हत्या के समान अपराध) के तहत आरोप लगाए गए थे. पत्नी ने मृत्यु से पहले मजिस्ट्रेट के सामने दिए गए अपने बयान में आरोप लगाया था कि उसके पति ने जबरन अप्राकृतिक यौन संबंध बनाए, जिसके कारण वह बीमार हो गई. हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि द्बक्क्ष्ट की धारा 375 (बलात्कार की परिभाषा) में 2013 में किए गए संशोधन के अनुसार, यदि पत्नी की आयु 15 वर्ष से अधिक है, तो पति द्वारा अपनी पत्नी के साथ किया गया यौन संबंध बलात्कार नहीं माना जाएगा. इसलिए, पत्नी की सहमति के बिना किए गए अप्राकृतिक यौन संबंध को भी अपराध नहीं माना जा सकता. कोर्ट ने यह भी कहा कि द्बक्क्ष्ट की धारा 377 (अप्राकृतिक यौन संबंध) पति-पत्नी के बीच लागू नहीं होती, क्योंकि धारा 375 में किए गए संशोधन के बाद पति-पत्नी के बीच सहमति की जरूरत नहीं है.

दैनिक
# विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर, शनिवार 15 फरवरी 2025

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संपादकीय

### रहस्यमय बीमारी से मौतें

दिल्ली एम्स के विशेषज्ञों के दल ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी में रहस्यमय बीमारी की चपेट में आए 11 मरीजों से मुलाकात की। वे बधाल गांव भी गए, जहां इस बीमारी के कारण मौतें हुई हैं तथा उस इलाके का दौरा कर सील किए गए घरों व आस-पास के इलाकों का नमूने एकत्र किए, जिनकी जांच की जाएगी। विशेषज्ञों के दल ने उन मरीजों की भी जांच की जो निगरानी में हैं। जैसा कि बधाल गांव में तीन परिवारों के सत्रह लोगों की अज्ञात कारणों से अचानक हुई मौत को लेकर यह मामला सामने आते ही 87 परिवारों के 364 व्यक्तियों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। शेष 808 परिवारों के 3700 लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गांव को चौदह समूहों में विभाजित किया। मृतकों के नमूनों में न्यूरोटॉक्सिन पाए जाने के एसआईटी का गठन किया गया था। जो आपराधिक पहलू की भी जांच कर रहा है। लखनऊ की विष विज्ञान प्रयोगशाला में हुई शुरुआती जांच में मौत के कारणों में कोई संक्रमण, वायरस या बैक्टीरिया नहीं है। बल्कि कोई विषाक्त पदार्थ बताया गया। भर्ती मरीजों के इलाज के लिए भी विषरोधी औषधियों का ही प्रयोग किया जा रहा है। हालांकि बीते दस दिनों से कोई नया मामला न आने पर राहत की सांस ली जा रही है। कोविड-19 संक्रमण की दहशत के कारण अचानक हुई इन मौतों को लेकर आमजन का भयभीत होना लाजमी है। उस पर भी मरने वालों को बुखार, गले में दर्द, उल्टी या डायरिया जैसी दिक्कतें होने के चलते सभी दहशत से भर गए। चिकित्सकों द्वारा यह पहले ही स्पष्ट कर दिया गया था कि यह कोई संक्रमण नहीं है, न ही यह महामारी में तब्दील होने की आशंका है। उनका अनुमान था कि यह वायरल, बैक्टीरिया, प्रोटोजोल या जूनोटिक संक्रमण हो सकता है या नर्वस सिस्टम को प्रभावित करने वाली किसी चीज की भी आशंका व्यक्त की गई है। मगर इलाके के इर्द-गिर्द व प्रशासन ने फौरी तौर पर एहतियातन चुस्ती से काम लिया। उन्हें खाने-पीने की चीजें मुहैया कराई और सार्वजनिक तौर पर मिलने-जुलने पर भी रोक लगाई। अपने यहां अफवाह के कारण भय फैलाने वाली मानसिकता भी है। दूसरे, पड़ोसी मुल्क द्वारा शरारत से भी इनकार नहीं किया जा सकता। जिस तेजी से हालात को संभालने का प्रयास जारी है, वह जल्द ही हकीकत से पर्दा उठाने में सफल हो सकता है।

# महंगाई के डर पर ग्रोथ के संकल्प की जीत

**डा. अश्विनी महाजन**




यह इस तथ्य को साबित करता है कि डब्ल्यूपीआई की तुलना में सीपीआई सही लक्ष्य नहीं है। हम समझते हैं कि सीपीआई खाद्य कीमतों से काफी प्रभावित होता है। तीसरा, हालांकि अकेले सीपीआई, मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण के लिए उपयुक्त एंकर नहीं लगता है, थोक मूल्य सूचकांक भी सर्वथा उचित लक्ष्य नहीं है एक लंबे समय (लगभग पांच साल) तक भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट को लगातार बढ़ाने के बाद पहली बार रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की दर में कटौती करते हुए उसे 6.5 प्रतिशत से घटा कर 6.25 किया है। यह फैसला हाल ही में संपन्न मौद्रिक नीति समिति की बैठक में किया गया। जानकारों का मानना है कि इससे उधार सस्ता हो जाएगा, जिससे हाऊसिंग और अन्य प्रकार के उधारों पर ईएमआई कम हो जाएगी, जिससे हाऊसिंग और उपभोक्ता मांग को बल मिलेगा। साथ ही साथ बिजनेस के लिए भी उधार सस्ता हो सकेगा, जिससे ग्रोथ को गति मिल सकेगी। हाल ही में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के तीन सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने के बाद सरकार ने एमपीसी में तीन नए सदस्यों की नियुक्ति की है। हालांकि यह पता नहीं चल पाया है कि किसने क्या कहा, लेकिन ऐसा लगता है कि नए सदस्यों के साथ-साथ कुछ पुराने सदस्यों ने भी रेपो रेट में कटौती का समर्थन किया है। उल्लेखनीय है कि पिछली दो एमपीसी बैठकों में, बाह्य सदस्यों अशिमा गोयल और जयंत वर्मा ने दरों में कटौती के पक्ष में मतदान किया था, तथा तर्क दिया था कि आरबीआई द्वारा दरें ऊंची रखने पर जोर देने से विकास को नुकसान हो रहा है। जबकि अन्य चार सदस्य इसके खिलाफ थे। स्पष्ट है कि एमपीसी में नए सदस्यों के आने से रेट घटाने का रास्ता साफ हो गया। इस बार महंगाई के थोड़ा कम होने से रेपो दर में 0.25 प्रतिशत बिंदु की कमी की गई है। भविष्य में महंगाई दर कम रहने के संकेत और अनुमान के साथ हम रेपो रेट में और कटौती की उम्मीद कर सकते हैं, जिससे मांग में विस्तार से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। ब्याज दर घटाने में क्या थी अन्य अड़चनें : ब्याज दरों में बदलाव या ठहराव देश की मौद्रिक नीति का एक मुख्य आयाम होता है, और इन्हें देश का केन्द्रीय बैंक यानी भारतीय रिजर्व बैंक निर्धारित करता है। दुनिया भर में नीतिगत ब्याज दरें अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती हैं। इसमें बैंक दर, रेपो दर, रिवर्स रेपो दर आदि शामिल होते हैं। 2016 में सरकार ने निर्णय लिया कि ब्याज दर का निर्धारण मौद्रिक नीति समिति करेगी, जिसमें रिजर्व बैंक के गर्वनर से अलावा 6 सदस्य होते हैं। बराबर के वोट होने पर रिजर्व बैंक के गर्वनर का वोट निर्णायक होता है। मौद्रिक नीति समिति 27 जून 2016 को पहली बार अस्तित्व में आई। मौद्रिक नीति समिति के लिए यह निर्धारित किया गया कि वो देश में महंगाई की दर को ध्यान में रखते हुए ही ब्याज दर का निर्धारण करेगी। यह तय किया गया कि महंगाई दर को 4 प्रतिशत, जमा-घटा 2 प्रतिशत की सीमा में रखने का लक्ष्य रखा जाए। इसे तकनीकी भाषा में महंगाई लक्ष्य यानी 'इनफ्लेशन टारगेटिंग' कहा जाता है। सामान्यत: भारतीय रिजर्व बैंक मुद्रास्फीति के बारे में अपनी धारणा के आधार पर ब्याज की नीतिगत दरों की घोषणा करता है। लेकिन इसके साथ ही अर्थव्यवस्था में ऋण की मांग और आपूर्ति पर भी इसे नजर रखनी होती है। इस मामले में भारतीय रिजर्व बैंक का मुख्य उद्देश्य मुद्रास्फीति को उसकी सीमा के बाहर जाने से रोकना है। हालांकि इनफ्लेशन टारगेटिंग तो 2016 से ही शुरू हुई थी, लेकिन 2014 से पहले, भारतीय रिजर्व बैंक मुद्रास्फीति को लक्षित करने के लिए थोक मूल्य सूचकांक का उपयोग कर रहा था। 2014 में, जब रघुराम राजन भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर थे, तब भारतीय रिजर्व बैंक के तत्कालीन डिप्टी गवर्नर उर्जित पटेल की अध्यक्षता में एक समिति ने मुद्रास्फीति को लक्षित करने के लिए थोक मूल्य सूचकांक के बजाय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के उपयोग की सिफारिश की थी। उल्लेखनीय रूप से, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में खाद्य उत्पादों का भार 46 प्रतिशत होता है, जबकि थोक मूल्य सूचकांक में खाद्य उत्पादों (निर्मित खाद्य उत्पादों सहित) का भार केवल 30 प्रतिशत ही होता है। यानी कहा जा सकता है कि मौद्रिक नीति समिति द्वारा अब उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का उपयोग अनिवार्य हो गया, जिसमें खाद्य उत्पादों का भार ज्यादा होता है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार को विरासत में ही ऊंची मुद्रास्फीति मिली थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और थोक मूल्य सूचकांक दोनों ही तेजी से बढ़ रहे थे। यूपीए सरकार के अंतिम 3-4 सालों (जुलाई 2011-2014 तक) में ऊंची मुद्रास्फीति के चलते रेपो रेट काफी अधिक 7.25 से 8.5 प्रतिशत तक बनी रही। विरासत में मिली 8.00 प्रतिशत रेपो रेट को एनडीए सरकार के शुरुआती वर्षों, महंगाई के थमने के साथ अगस्त 2017 तक 6.00 प्रतिशत तक लाया गया। लेकिन 2016 में मौद्रिक नीति समिति के अस्तित्व में आने के बाद थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में कमी आने के बावजूद सीपीआई मुद्रास्फीति लक्ष्य पर आधारित रेपो दर बढने लगी। थोड़ा बढ़ते-घटते यह जून 2019 में 6.00 से 6.5 प्रतिशत तक उच्च स्तर पर बनी रही। एनडीए सरकार के बाद के वर्षों में, सीपीआई में भी काफी गिरावट आई थी, और यह 3 प्रतिशत से भी कम पर बनी रही। मई 2020 और मई 2022 के बीच लंबी अवधि में रेपो दर मात्र 4.00 प्रतिशत के निम्न स्तर पर बनी रही। लेकिन उसके बाद मुद्रास्फीति और खास तौर पर सीपीआई मुद्रास्फीति की ऊंची दर के चलते रेपो दर लगातार बढ़ते हुए फरवरी 2023 तक 6.5 प्रतिशत तक पहुंच गई और पिछली मौद्रिक नीति समिति की बैठक तक इसी स्तर पर बनी रही। हालांकि इस दौरान थोक मुद्रास्फीति कई बार नीचे भी आई, लेकिन सीपीआई मुद्रास्फीति लक्षित मौद्रिक नीति के चलते रेपो रेट को मौद्रिक नीति समिति ने नहीं घटाया। मुद्रास्फीति लक्षित मौद्रिक नीति पर मतभेद : कई अर्थशास्त्रियों ने अब सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। हालांकि, मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखना महत्वपूर्ण है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आम जनता मुद्रास्फीति से परेशान न हो, क्योंकि इसका सबसे अधिक असर गरीबों पर पड़ता है, लेकिन मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण के आधार के रूप में सीपीआई या यहां तक कि डब्ल्यूपीआई की उपयुक्तता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। सर्वप्रथम, मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण का विचार पश्चिम से आयातित विचार है। हम समझते हैं कि भारत जैसे विकासशील देश में मौद्रिक नीति के उद्देश्यों में विकास, रोजगार और गरीबों तथा वंचितों का उत्थान शामिल है। इन उद्देश्यों को संबोधित किए बिना कोई भी मौद्रिक नीति पूरी नहीं होती है। दूसरा, अगर हम देखें तो ऐसे कई मौके आए हैं, जब एमपीसी द्वारा सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण का पूर्णरूपेन पालन करने के बावजूद, मुद्रास्फीति न केवल नियंत्रित नहीं हुई, बल्कि कई मौकों पर 6 प्रतिशत के लाल निशान को भी पार कर गई। यह इस तथ्य को साबित करता है कि डब्ल्यूपीआई की तुलना में सीपीआई सही लक्ष्य नहीं है। हम समझते हैं कि सीपीआई खाद्य कीमतों से काफी प्रभावित होता है। तीसरा, हालांकि अकेले सीपीआई, मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण के लिए उपयुक्त एंकर नहीं लगता है, थोक मूल्य सूचकांक भी सर्वथा उचित लक्ष्य नहीं है। इसलिए कुछ लोग सुझाव देते हैं कि इन दो सूचकांकों का अवश्य ही संयोजन या मिश्रण होना चाहिए। क्या सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का एजेंडा है : जबकि विकासशील देश मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण के बारे में बहस कर रहे हैं, न केवल मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण की अनिवार्यता के बारे में, बल्कि विकासशील देशों के लिए मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष सीपीआई लक्षित मौद्रिक नीति हेतु दबाव डाल रहा है। यह कुछ ऐसा है, जो आपत्तिजनक है।

## आलेख

# बैल खेती-किसानी की अमूल्य धरोहर

भारत डोगरा

प्राकृतिक खेती को बेहतर गुणवत्ता के खाद्यों के उत्पादन और पर्यावरण की दृष्टि से बहुत उपयोगी माना जा रहा है, और इस आधार पर ही इसके अधिक प्रसार की चर्चा है। इसके साथ-साथ प्राकृतिक खेती से एक अन्य महत्त्वपूर्ण लाभ यह भी प्राप्त हो सकता है कि इससे गोवंश की रक्षा की नई और अधिक संभावनाएं उत्पन्न होती हैं। प्राकृतिक खेती में खाद के रूप में सबसे अधिक उपयोग गोवंश के गोबर और मूत्र का होता है, विशेषकर गाय के गोबर और मूत्र का। इसके अतिरिक्त फसलों की हानिकारक कीड़ों आदि से रक्षा के लिए भी इस गोबर और मूत्र को अत्यधिक उपयोगी माना गया है। इस महत्त्व को स्वीकार करते हुए अब अनेक गांवों में ऐसे प्राकृतिक कृषि केंद्र भी स्थापित किए जा रहे हैं, जहां गोवंश के गोबर और मूत्र का ही अधिक उपयोग करते हुए खाद और हानिकारक कीड़ों आदि से रक्षा की दवा बनाई जा रही हैं। जैसे-जैसे इसका प्रसार बढ़ेगा, वैसे-वैसे गांववासियों को लगेगा कि गाय यदि दूध देने की स्थिति में नहीं है तो भी उसके गोबर और मूत्र का भी बहुत उपयोग है। झ इस स्थिति में यह संभावना बढ़ेगी कि गोवंश की रक्षा अधिक बड़े पैमाने पर और अधिक निष्ठा के साथ की जाए। यदि गोवंश के गोबर और मूत्र पर आधारित खाद और दवा अधिकांश किसानों को पर्याप्त मात्रा में मिल जाए तो इससे प्राकृतिक खेती का प्रसार कहीं अधिक हो सकेगा, अच्छी गुणवत्ता के स्वास्थ्य के अनुकूल खाद्य बड़ी मात्रा में उपलब्ध हो सकेंगे और साथ में गोवंश की अधिक रक्षा हो सकेगी, उनके लिए गोशालाएं वहीं बड़ी संख्या में स्थापित हो सकेंगी और उन्हें आवारा और बेसहारा घूमने के लिए नहीं छोड़ा जाएगा। आज देश में गोशालाएं चल तो रही हैं पर प्राय− उनकी स्थिति ठीक नहीं है। उन्हें ठीक बजट उपलब्ध हो भी जाए तो अनेक स्थानों पर भ्रष्टाचार के कारण कठिनाइयां आ जाती हैं और गोशाला में रखे पशुओं को ठीक से पोषण नहीं मिल पाता है। कभी-कभी तो यहां रखे गए पशुओं को बहुत कष्ट सहना पड़ता है। दूसरी ओर, जब गोबर और गोमूत्र का सही उपयोग होगा, वैज्ञानिक ढंग से इसका संग्रहण और सदुपयोग होगा, तो गोशालाओं को इस तरह आय भी प्राप्त हो सकेगी और विभिन्न कुटीर उद्योग भी यहां पनप सकते हैं। इस सब नियोजन में एक विशेष बात का ध्यान रखना है-बैल की रक्षा की जिम्मेदारी को भी समझना है। प्राय− गाय की रक्षा की जिम्मेदारी को समझा जाता है, और गाय के दूध के अधिक स्वास्थ्यवर्धक होने को तो अब बहुत से लोग अधिक मान्यता देने लगे हैं। दूसरी ओर, बैलों की रक्षा की जिम्मेदारी को अभी तक बहुत से लोग स्वीकार नहीं कर रहे हैं। अब इसे रेखांकित कर कहना चाहिए कि गोवंश की रक्षा की जिम्मेदारी तब तक पूरी नहीं हो पाएगी जब तक हम गायों के साथ बैलों की भी जिम्मेदारी को नहीं समझते हैं, और उन्हें नहीं संभालते हैं। बैल खेती-किसानी की अमूल्य धरोहर है। सैकड़ों वर्षों से वे भारतीय किसान के सबसे नजदीकी सहयोगी रहे हैं। प्रेमचंद की विख्यात कहानी %दो बैलों की कथा' हो या इसी पर आधारित फिल्म %हीरा-मोती' में अनेक स्तरों पर बैलों की महत्त्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया है। बैलों पर आधारित खेलों का आयोजन भी देश में होता रहा है। जुताई, सिंचाई, यातायात, कोल्हू, फसल को मंडी तक पहुंचाने जैसे कितने ही महत्त्वपूर्ण कायरे में बैलों की महत्त्वपूर्ण सहायता मिल रही है। हालांकि ट्रैक्टरों के आगमन से बैलों का उपयोग अनेक स्थानों पर कम हुआ पर बहुत से खेतों में आज भी इनकी उपस्थिति बनी हुई है। जलवायु बदलाव के दौर में फॉसिल फ्यूल कम करने पर भी नये सिरे से जोर दिया जा रहा है। प्राकृतिक खेती का महत्त्व बढ़ रहा है। इन सब स्थितियों को ध्यान में रखते हुए गहरी चिंता का विषय है कि केंद्र सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा ऐसी नीति और तकनीकी का प्रसार हो रहा है, जिससे बैलों के जन्म की संभावना ही बहुत कम रह जाएगी। इस लेखक ने हाल के समय में अनेक गांवों के किसानों और पशुपालकों से इस बारे में चर्चा की और उन सबने एक स्वर में कहा कि ऐसी नीति और तकनीकी उचित नहीं है और सरकार को इस पर तुरंत रोक लगानी चाहिए। आखिर, यह तकनीकी और इस आधार पर नीति क्या है।

# खुदकुशी की सिलसिले को रोकने की जरूरत

आनंद अग्निहोत्री

कभी राजस्थान का कोटा शहर जिसे प्री-इंजीनियरिंग एग्जाम और मेडिकल एंट्रेस टेस्ट के मामले में देशभर में डंका बजाने वाला माना जाता था, अब कोचिंग स्टूडेंट की आत्महत्या का हब बनता जा रहा है। अभिभावक यह सोचकर अपने बच्चों को कोचिंग में अध्ययन करने के लिए कोटा भेजते हैं कि उनके बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। वे इंजीनियरिंग अथवा डॉक्टरी की शिक्षा में एडमीशन ले सकेंगे, अपने बच्चों को वे तमाम तरह के सब्जबाग दिखाते हैं, लेकिन तमाम केस ऐसे हो रहे हैं कि बच्चा असफल होने पर आत्महत्या कर लेता है और अभिभावक हाथ मलते रह जाते हैं। जनवरी, 2025 में ही छह छात्रों के आत्महत्या कर लेने से एक बार कोटा फिर भयावह नजर आने लगा है। बड़ा सवाल यह है कि आखिर कोटा में कोचिंग सेंटर्स में पढने वाले छात्र असफल होने पर क्यों आत्महत्या कर लेते हैं। इसके लिए जिम्मेदार कौन है। आत्महत्याओं के बढ़ते आंकड़ों से लोग अब अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजने से कतराने लगे हैं। पिछले 10 साल में कम से कम 127 विद्यार्थियों की खुदकुशी के मामले सामने आए हैं, अब यह आंकड़ा और तेजी से बढ़ रहा है। इसे सरकारी तंत्र की विफलता मानें या कोचिंग सेंटल संचालकों की उदासीनता, पढ़ाई का दबाव झेलने में नाकाम रहने वाले विद्यार्थियों की मौत का आंकड़ा थमता नजर नहीं आ रहा है। ऐसा नहीं है कि सरकार ने ऐसे घटनाक्रम रोकने के लिए प्रयास न किए हों। कई बार गाइडलाइंस जारी की गई हैं, लेकिन आत्महत्या का यह सिलसिला रु कता नजर नहीं आ रहा है। यक्ष प्रश्न यह है कि खुदकुशी के इस दर्दनाक खेल के लिए किसे कठघरे में खड़ा किया जा सकता है। आज हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बालक अच्छी से अच्छी सेवा में जाएं और उनका नाम रोशन करें। जो माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर या इंजीनियर बनाना चाहते हैं वे अपने बच्चों को कोटा के कोचिंग सेंटर्स से तैयारी कराते हैं। इसमें दो राय नहीं कि डॉक्टरी और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए कोटा सर्वोत्तम हब माना जाता है। जाहिर है कि लोगों का ध्यान कोटा पर केंद्रित हो, लेकिन अभिभावक यह नहीं देखते कि उनका बच्चा इन दोनों पाठ्यक्रमों के लायक है भी या नहीं। सभी बालक अतिकुशाग्र बुद्धि के नहीं होते। सभी की बौद्धिक क्षमता एक जैसी नहीं होती। ऐसे में बच्चों को स्वप्न दिखाकर कोटा में एडमीशन दिलाना उनके जीवन के साथ खिलवाड़ करना ही है। तमाम बच्चे मध्यम और निचले वर्ग के भी होते हैं। उन्हें बताया जाता है कि कैसे शिक्षा प्राप्त कर उन्हें घर-परिवार का नाम रोशन करना है। जब वे इसमें असफल होते हैं तो नाकामी का दबाव उन्हें आत्महत्या के लिए प्रेरित करता है। बहुत से बच्चों पर घर का आर्थिक दबाव भी होता है। इस दबाव के चलते उनके कदम खुदकुशी की ओर बढ़ते हैं। स्पष्ट है कि इन आत्महत्याओं के लिए प्राथमिक तौर पर उनके अभिभावक ही दोषी होते हैं। दूसरे नंबर पर आते हैं कोचिंग सेंटर संचालक। अब यह बात किसी से छिपी नहीं है कि शिक्षा व्यवसाय का रूप ले चुकी है। निम्न से लेकर उच्च स्तर तक की शिक्षा में बड़ी रकम खर्च होती है। कोटा में जो कोचिंग सेंटर चल रहे हैं, उनमें भी मोटी रकम के लालच में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के प्रवेश ले लिये जाते हैं। भले ही उन कोचिंग सेंटर्स में छात्रों के बैठने तक की समुचित व्यवस्था न हो, लेकिन एडमिशन ले लिये जाते हैं। बाद में उनके बैठने आदि की वैकल्पिक अस्थायी व्यवस्था की जाती है। प्रवेश लेते समय सिर्फ बड़ी रकम देखी जाती है, बच्चे का मानसिक और बौद्धिक स्तर नहीं। बच्चा जेईई अथवा नीट एंट्रेंस क्लीयर कर पायेगा या नहीं, इस ओर कोई गौर नहीं किया जाता। कोचिंग सेंटर संचालक सिर्फ व्यवसाय कर रहे हैं। हम यह नहीं कहते कि वे अच्छी शिक्षा नहीं दे रहे, निश्चित रूप से दे रहे हैं, लेकिन यह देखने वाला कोई नहीं है कि बच्चे मानसिक रूप से यह शिक्षा ग्रहण कर भी पा रहे हैं या नहीं। बीच-बीच में उन्हें ताकीद कर दी जाती है कि वे पिछड़ रहे हैं और ज्यादा मेहनत करें, लेकिन कैसे, यह कोई नहीं बताता। शायद यही कारण है कि प्रशासन और सरकार ने जो गाइडलाइंस जारी की है, उसमें चयन समिति गठित करने का सुझाव दिया गया है। अगर चयन समिति में शामिल विषय विशेषज्ञ प्रवेश के समय ही विद्यार्थियों के मानसिक और बौद्धिक स्तर की जांच कर लें और सक्षम विद्यार्थियों को ही प्रवेश दें तो न संबंधित कोचिंग सेंटर का परीक्षा फल उत्तम हो बल्कि खुदकुशी की इस अनवरत चली आ रही श्रृंखला पर विराम भी लग सके। चयन समिति अगर अयोग्य या कमजोर छात्रों को प्रवेश ही न दे तो इतना ही तो होगा कि छात्र लौट जाएगा, लेकिन कम से कम आत्महत्या करने की नौबत तो नहीं आएगी। तीसरी जिम्मेदारी बनती है पीजी संचालकों की जो मोटी रकम लेकर छात्रों को आवास तो मुहैया करा देते हैं, लेकिन वहां ऐसी कोई सुरक्षात्मक व्यवस्था नहीं करते जिससे छात्र आत्महत्या न कर सके। कहने को कहा जा सकता है कि जिसे खुदकुशी करनी है वह कहीं भी कर सकता है, किसी भी प्रकार से कर सकता है मगर पीजी संचालकों की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि कम से कम वह अपने पीजी में तो इस तरह के इंतजाम कर लें कि छात्र खुदकुशी करने का मौका न पा सके। दूसरी बात उन्हें सिर्फ आय का साधन ही समझें बल्कि उनके दुख-सुख में सहभागी बनने का प्रयास करें ताकि छात्रों को पीजी में भी घर जैसा माहौल मिल सके। यूं तो खुदकुशी की इस चेन को तोडने के लिए जिला प्रशासन ने गाइड लाइंस जारी की हैं और इनका पालन न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी कर रहा है लेकिन इस सिलसिले को रोकने के लिए तीन उपाय करने की जरूरत है। पहली बात तो यह कि माता-पिता अपने बच्चों पर डॉक्टर और इंजीनियर बनने के लिए अनावश्यक दबाव न डालें।

# सिंधु घाटी सभ्यता से भी प्राचीन है कुंभपर्व

**डा. दिनेश शर्मा**

मीडियाजगत टीआरपी की दौड़ में कुंभ के वास्तविक स्वरूप को उजागर न कर अन्य चीजों को फोकस कर जनमानस में कुंभ की अलग छवि उकेर रहा है कुंभपर्व आस्था, विश्वास, सौहार्द एवं संस्कृतियों के मिलन का पर्व है। ज्ञान एवं चेतना के परस्पर मंथन ऐसा दिव्य पर्व जो हिंदू धर्मावलम्बियों की जागृत चेतना को बिना किसी आमंत्रण के खींच कर ले आता है। भारतीय संस्कृति के अनुपम एवं पवित्र इस उत्सव की गूंज प्राचीन ग्रंथों से ही सुनाई देती है। वेदों, श्रीमद्भागवतपुराण, विष्णुपुराण, स्कन्दादिपुराणों तथा अन्य प्राचीन ग्रन्थों में इस महापर्व का उल्लेख मिलता है। इतिहासकारों के अनुसार कुंभ मेला सिंधुघाटी सभ्यता से भी पुराना है। कुछ इतिहासकारों के अनुसार कुंभ मेले का आयोजन गुप्तकाल (तीसरी से पांचवीं सदी) में सुव्यवस्थित रूप में शुरू हुआ। चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी 629-645 ईस्वी में सम्राट हर्षवर्धन के शासनकाल में प्रयागराज के कुंभ मेले का वर्णन किया है। उन्होंने इसे एक विशाल और भव्य आयोजन बताया, जिसमें असंख्य साधु, विद्वान और श्रद्धालु सम्मिलित होते थे। आधुनिक प्रशासनिक ढांचे के तहत कुंभ का स्वरूप गुप्त काल से शुरू हुआ और शंकराचार्य ने इसे धर्म और समाज को जोडने का माध्यम बनाया। किन्तु धर्माचार्य मानते हैं कि कुंभ मेला अनादि है। यह किसी एक घटना से प्रारंभ नहीं हुआ, बल्कि मानव सभ्यता के साथ इसकी परंपरा विकसित हुई। पौराणिक संदर्भानुसार देवताओं और असुरों ने अमृत प्राप्ति के लिए समुद्र का मंथन किया। समुद्र मंथन से निकले अमृत कलश की बूंदें हरिद्वार, उज्जैन और नासिक के पवित्र स्थलों पर गिरीं। यही कारण है कि इन चार स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन होता है। विष्णु पुराण में यह भी उल्लेख है कि कुंभपर्व आयोजन हर 12 वर्षों में होता है और ग्रह-नक्षत्रों की विशेष स्थिति पर आधारित होता है- 'गङ्गाद्वारे प्रयागे च धारागोदावरीतटे। प्रयागराज में माघ अमावस्या के दिन सूर्य और चंद्रमा मकर राशि में होते हैं और गुरु वृषराशि में होता है। प्रयागराज में गंगा, यमुना तथा सरस्वती के त्रिवेणी संगम पर प्रत्येक 12 वर्ष पश्चात कुंभमेले का आयोजन होता है, जिसे 'महाकुंभमेला' कहते हैं। सनातन धर्म के अनुयायियों का महत्वपूर्ण आयोजन तथा दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक मेला है और दुनिया भर से लोग यहां आते हैं। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों, साधु-संतों, धर्माचार्यों, श्रद्धालुओं



और पर्यटकों की भागीदारी होती है। साधु-संतों में विभिन्न संप्रदायों के अखाड़े दल, नागा साधु, महामंडलेश्वर, धर्माचार्य विद्वान तथा श्रद्धालु गृहस्थी जन भाग लेते हैं। इस मेले में शामिल होकर लोग अपने पापों से मुक्ति और आत्मशुद्धि की कामना करते हैं। इस पर्व का मुख्य अनुष्ठेय कर्म 'शाही स्नान' है, जो विभिन्न अखाड़ों द्वारा किया जाता है। इसमें संत और साधु मिलकर स्नान करते हैं और उनके बाद ही आम श्रद्धालुओं को स्नान की अनुमति मिलती है। कुंभ में स्नान को, अमृत-स्नान के समान माना गया है। इसके अलावा प्रवचन, कीर्तन और धार्मिक प्रवास भी पर्व में अंगभूत कर्म होते हैं। कुंभ पर्वों में स्नान माहात्म्य के विषय में कहा गया है कि जो मनुष्य कुंभ योग में स्नान करता है, वह अमृतत्व (मुक्ति) की प्राप्ति करता है। जिस प्रकार दरिद्र मनुष्य सम्पत्तिशाली को नम्रता से अभिवादन करता है, उसी प्रकार कुंभपर्व में स्नान करने वाले मनुष्य को देवगण नमस्कार करते हैं। 'तान्येव य: पुमान् योगे सोऽमृतत्वाय कल्पते। देवा नमन्ति तत्रस्थान् यथा रङ्का धनाधिपान्॥' कुंभपर्व सनातन धर्मावलम्बियों को अपने परम एवं चरम लक्ष्य की ओर प्रेरणा का महान स्रोत है। इसकी महत्ता और उपादेयता स्कन्दपुराण एवं विष्णुपुराण के इन वचनों से स्पष्ट है- 'सहस्रं कार्तिके स्नानं माघे स्नानशतानि च। वैशाखे नर्मदा कोटि: कुंभस्नानेन तत्फलम्।। तथा अश्वमेधमहस्राणि वाजपेयशतानि च। लक्षं प्रदक्षिणा भूमे: कुंभस्नानेन तत्फलम्।।' कार्तिक महीने में हजार बार, माघ में सौ बार, वैशाख में करोड़ बार गंगा-नर्मदादि में स्नान करने से जो फलप्राप्ति होती है, वही फल एक बार कुंभस्नान करने से प्राप्त हो जाता है। हजार अश्वमेध यज्ञ, सौ वायपेय यज्ञ, लक्ष पृथ्वी-परिक्रमा करने से जो फल प्राप्ति होती है, वही फल एक बार कुंभ-स्नान से प्राप्त हो जाता है। अन्यान्य पुराणों सहित महाभारत में भी कुंभपर्व की महत्ता दर्शायी गई है। स्नानोपरांत दान का महत्व भी प्रतिपादित है। कुंभ में दान (अन्न, वस्त्र, धन) को अति पुण्यकारी माना जाता है। साधुओं और सत्पात्रों को दान देने से, व्यक्ति के कर्म शुद्ध होते हैं। मान्यता है कि संतों के दर्शन और उनका आशीर्वाद जीवन को सुखमय और कल्याणकारी बनाता है। कुंभ के समय योग, ध्यान और आध्यात्मिक साधनाएं करने से आत्मा को शांति और शक्ति मिलती है। इसे आत्मा और परमात्मा के मिलन का समय माना जाता है। कुंभ मेला हमारी गौरवशाली संस्कृति का अभिन्न अंग है, जो भारतीय समाज के धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन के प्रत्येक पहलू को संजोए हुए है। यह मात्र आस्था का प्रतीक नहीं है, अपितु भारतीय धर्म, दर्शन, परंपरा और खगोलीय विज्ञान का अद्भुत संगम भी है।

# छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष प्रकाश मोदी (भाटापारा) ने राज्यपाल रोमन डेका से मुलाकात की



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नगर के युवा व्यवसाई एवं छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के एक्सपर्ट पैनल के सदस्य, प्रकाश मोदी ने आज राजभवन रायपुर में छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल से सौजन्य भेंट की।

प्रकाश मोदी जी ने जैन मुनि आर्यिका माताजी, जो कि सारा देश पैदल बिहार करती हैं। छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र बॉर्डर से छत्तीसगढ़ झारखंड बॉर्डर तक सम्मेद शिखर की यात्रा में अनेक साधु संत पद विहार करते हुए छत्तीसगढ़ से गुजरते हैं। आए दिन दुर्घटनाओं के माध्यम से साधु संतों का देवलोक गमन की सूचना प्राप्त होती है। अत: महामहिम राज्यपाल से पत्र देकर निवेदन किया की छत्तीसगढ़ बॉर्डर से बॉर्डर तक संपूर्ण छत्तीसगढ़ में पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाए। महामहिम ने तुरंत संज्ञान लेते हुए डी जी पी रायपुर से बात कर शीघ्र सुरक्षा प्रदान करने की बात कही।

आगामी मार्च माह में भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव भाटापारा में आयोजित होने वाला है, उसके लिए प्रकाश मोदी ने मुख्य अतिथि के रूप में महामहिम के सानिध्य में कार्यक्रम करने हेतु पत्र देकर निवेदन किया। जिस पर उन्होंने शीघ्र आने की जानकारी देने का आश्वासन दिया।

श्री प्रकाश मोदी के साथ में डॉक्टर अमित जैन रायपुर, श्री आशीष जैन अतुल रायपुर उपस्थित रहे।

# सही जगह और समय पर बोये गए बीज से कई गुना फल प्राप्त होता है: मुनिश्री समतासागर जी महाराज

**डोंगरगढ़ ( विश्व परिवार )।** अच्छी जमीन पर यदि एक बीज भी आपने समय पर डाल दिया तो वह समय आने पर कई गुना दाना आपको देता है। उसी प्रकार यदि आपने अपनी आमदनी का एक प्रतिशत भी अच्छे कार्यों में लगा दिया तो वह कई गुना होकर आपको फल प्रदान करता है। उपरोक्त उदगार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज ने आचार्य गुरुदेव विद्यासागर जी महामुनिराज के समाधिस्थल चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में आयोजित प्रात:कालीन धर्मसभा में व्यक्त किये।

मुनि श्री ने सम्वोधित करते हुये कहा कि जैसे गृहस्थ जीवन में आप लोग जीवन यापन के लिये प्रतिदिन अर्थ पुरुषार्थ करते है, भोजन करते है, उसी प्रकार एक गृहस्थ को प्रतिदिन षटआवश्यक करने का उपदेश शास्त्रों में उल्लेखित है। मुनि श्री ने रत्नकरंडक श्रावकाचार में आचार्य समन्तभद्र स्वामी ने लिखा है – देवपूजा, गुरुपास्थी, स्वाध्याय, संयमस्थतपा, दानंचेती गृहस्थानां षटकर्मानि दिनै दिनै। इस श्लोक की व्याख्या करते हुये मुनि श्री ने कहा कि जब आप अर्थ पुरुषार्थ और आरंभ-सारंभ के कार्य रोज रोज करते है तो उनको करने से जो पाप उपार्जित होता है उनको घटाने के लिये एक गृहस्थ को षटआवश्यक कर्म- देवपूजा, गुरु की उपासना, शास्त्रों का स्वाध्याय, संयम, तप और दान प्रतिदिन करने को कहा गया है। यहाँ पर आचार्य श्री ने सप्ताह, महिने अथवा वर्ष का उल्लेख नहीं किया है बल्कि षट आवश्यक कर्म को रोज-रोज करने के लिये कहा गया है। आचार्य समन्तभद्र स्वामी ने साफ-साफ कहा है कि जैसे आप प्रतिदिन साफ सुथरे वस्त्र पहनते है और दिन भर उसका उपयोग होने के पश्चात जब वह वस्त्र गंदे हो जाते है उसमें अशुद्ध और गहरे दाग लग जाते है तो उसको साफ सुथरा करने के लिये जैसे जल समर्थ होता है। उससे वह वस्त्र साफ हो जाता है ठीक उसी प्रकार आरंभ-सारंभ से अर्जित पाप को धोने के लिये दान- पूजा सहयोगी एवं समर्थ है। उन्होने कहा कि गृहस्थ आजीविका के उपाय करता है किसी के बड़े उपाय हो जाते है तो किसी के छोटे उपाय रहते है। किसी की आमदनी बहुत अच्छी रहती है तो किसी की कम, किसी को पुरुषार्थ करने के पश्चात भी लाभ नहीं हो पाता, किसी को कम पुरुषार्थ से ही अच्छा लाभ हो जाता है। संसार में यह क्रम तो चलता ही रहता है लेकिन जिसको जो भी आमदनी आ रही है यदि उसमें से आपने एक प्रतिशत भी दान दिया या अच्छे कार्यों तथा शुभ कार्यों में लगा दिया तो वह आपका एक प्रतिशत दान भी बहुत महत्वपूर्ण होता है। जैसे अच्छी जमीन में एक बीज भी आपने समय पर डाल दिया तो वह जब अंकुरित होकर बड़ा होगा तो उसमें कई गुने दाने अपने आप आ जाते है। उसी प्रकार एक गृहस्थ धर्म में दिये गये दान और



की गई पूजा का बहुत महत्व है। मुनि श्री ने कहा कि बड़े-बड़े दान दातारों के दान भी आते है, बड़े बड़े पूजा-विधान करने वालों के दान भी आते है, लेकिन समाज में सभी सामर्थ्यवान नहीं होते जो लोग बड़ा दान नहीं दे पाते लेकिन वह अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान करते है तथा उत्साह के साथ कार्यकर्ता के रुप में कार्य करते है तो उनकी भी बड़ी प्रशंसा होती है। उन्होंने जैन परंपरा का इतिहास बताते हुये कहा कि यदि आपकी सामर्थ नहीं है, फिर भी अपने भावों को अच्छा बनाकर अच्छे कार्य करने वाले की अनुमोदना कर रहे है तो आप भी प्रशंशनीय है।

मुनि श्री ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि मंदिर बनाने वाले, मूर्ती स्थापित करने बाले, जिनवाणी का प्रकाशन कराने वाले, तीर्थों का जीर्णोद्धार कराने वाले, तीर्थंकरों की भूमी को सुरक्षित करने वाले, आहार-विहार में सहयोगी बनने बाले सभी लोगों ने अलग-अलग रहकर के अपनी सेवाएं तथा दान दिया है। इसके कई उदाहरण है और इतिहास भी बहुत बड़ा है, बहुत समृद्ध है। उसी इतिहास की श्रंखला में एक छोटी सी कड़ी बनकर के हम और आप भी यहाँ पर उपस्थित है। मुनि श्री ने कहा कि सभी तीर्थ क्षेत्रों का अपना-अपना अतिशय और नाम है लेकिन छत्तीसगढ़ की चंद्रगिरी तीर्थ जिसे आचार्य श्री ने यहाँ पर सर्दी, गर्मी तथा चौमासा किया तथा यह स्थान अपनी सल्लेखना के लिये चुना। अत: यह आचार्य गुरुदेव की निसिद्धिका स्थली है। यहाँ पर लोग पूजा-पाठ और वंदना करने के भाव से लगातार आ रहे है। बड़े-बड़े जन तो बड़ा बड़ा दान कर ही रहे है लेकिन अपने भावों को बड़ा करके जो भी जितना काम कर रहे है अथवा दान दे रहे है उनका काम भी किसी बड़े काम से कम नहीं है। उन्होने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं क्षेत्रीय प्रचार प्रसार प्रमुख निशांत जैन (निशु) ने बताया प्रात: अभिषेक एवं शांतिधारा के साथ आचार्य गुरूदेव की पूजन एवं चरण पादुका का प्रछाल संपन्न हुआ इस अवसर पर क्षेत्र पर विराजमान मुनि संघ एवं आर्यिका संघ तथा प्रतिभास्थली की बहनें उपस्थित थी। शनिवार 15 फरबरी को प्रात: 8:30 बजे निर्यापक श्रमण वीरसागर महाराज संघ का मंगल प्रवेश चंद्रगिरी तीर्थ पर होगा। उनकी भव्य मंगल अगवानी ग्राम गाजमर्रा से की जाऐगी। इस अवसर पर चंद्रगिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष किशोर जैन, महामंत्री निर्मल जैन, कोषाध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, चंद्रकांत जैन, अनिल जैन, सप्रेम जैन, विद्यायतन के अध्यक्ष विनोद बडजात्या, निखिल जैन, सोपान जैन, नरेश जैन, अमित जैन, दीपेश जैन आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नयाखेड़ा में 16 विरधा में 19 और तालबेहट में 27 फरवरी को विमानोत्सव एवं रथयात्रा कार्यक्रम

## आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज का प्रथम स्मृति महोत्सव पखवाड़ा मनाया जायेगा




**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्र संत आचार्य प्रवर श्री विद्यासागर जी महा मुनिराज का प्रथम स्मृति महा महोत्सव पखवाड़ा मनाया जायेगा। जिसके अंतर्गत 6 फरवरी से जैन मंदिरों में निरंतर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये जा रहे हैं। श्री दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पावागिरि प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष विशाल जैन पवा ने बताया कि 16 फरवरी को नयाखेड़ा 19 फरवरी को ग्राम पूरा विरधा एवं 27 फरवरी को तालबेहट में विमानोत्सव एवं रथयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें धर्म प्रभावना के साथ श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकलेगी। नयाखेड़ा में जैन धर्म के 6वें तीर्थंकर भगवान पद्मप्रभु स्वामी का मोक्ष कल्याणक, विरधा में 7वें तीर्थंकर भगवान सुपार्श्वनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक पं. विनोद कुमार शास्त्री बबीना के निर्देशन में एवं तालबेहट में श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक महोत्सव की 7वीं वर्षगांठ पं. संतोष शास्त्री अमृत ललितपुर के निर्देशन में मनायी जायेगी। वहीं नयाखेड़ा जैन मंदिर का भव्य शम्भोशरण सिद्ध क्षेत्र पावागिरि लाया जायेगा। जिसके लिये क्षेत्र समिति के अध्यक्ष ज्ञानचंद्र जैन, मंत्री जयकुमार जैन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद्र जैन, संयुक्त मंत्री विकास भंडारी, उपमंत्री आकाश चौधरी, ऑडीटर पंकज भंडारी एवं अजय जैन, अनिल कुमार, अटल जैन, धर्मेंद्र कुमार, दानाशाह जैन, अमित कुमार, सौरभ जैन, अरविन्द कुमार, अमन जैन, वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन विरधा, महामंत्री प्रवीन जैन कड़ेसरा, कोषाध्यक्ष चक्रेश जैन बुढ़पुरा, वीरेंद्र जैन बामौर सहित सकल दिगम्बर जैन समाज तैयारियों में जुटा है। **-विशाल जैन**

# दान पूजन से ही कसाए कम होंगी : मुनिश्री योग सागर जी महाराज



**सागर ( विश्व परिवार )।** आचार्य श्री ने सागर वालों को दान देना सिखाया था। मंदिर बनाने के लिए दान के लिए प्रेरित करना भी गुरुदेव के प्रकल्प को जल्दी पूर्ण कराने का एक बड़ा कारण है।

यह आपके कल्याण के लिए जरूरी है। आप पाप करते हैं। कर्मों की निर्जरा के लिए दान और पूजा प्रथम है यह बात निर्यापक मुनिश्री योग सागर महाराज ने बाहुबली कालोनी जैन मंदिर में धर्म सभा में कही। उन्होंने कहा कि दान देने से असंख्यात गुना कर्मों की निर्जरा होती है। और दान पूजा से ही आपका कल्याण होने वाला है दान परिग्रह का प्रश्चित्य है क्योंकि धन कमाने में पाप होता है। सागर में सर्वत्रोभद्र जिनालय का निर्माण आचार्य भगवान के आशीर्वाद से हो रहा है। सागर के लिए यह महान कार्य है। आने वाले समय में सागर भाग्योदय तीर्थ पूरे विश्व में चर्चित रहेगा। मुनिश्री निर्भीक सागर महाराज ने कहा कि हर प्राणी में भगवान बनने की क्षमता है। इसके लिए अपने आप को पाप से अलग करना होगा। जो वह कार्य करेगा यह निश्चित रूप से मुक्ति को प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि मर महापुरुषों की। चरित्र चित्रों को जीवन में उतारना चाहिए। मंदिर निर्माण के बाद मंथन में अमृत का। पुन निकलेगा गुरुदेव चाहते तो एक व्यक्ति इस मंदिर को बना सकता था। लेकिन उन्होंने कहा जन जन का धन इसे निर्माण कार्य में लगना चाहिए। समग्र समाज दान करने मे पीछे नहीं है। यह जिनालय जब तैयार होगा तब आपको समझ में आएगा। गुरुदेव की परिकल्पना कितनी लाजवाब थी।

बात प्रचालन प्रणा जिनेन्द्र गोरजामर और अरविंद हिना के परिवार ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कचनेर में समन्वय पैनल के 25 उम्मीदवारों ने चुनाव में जीते

**छत्रपति संभाजीनगर ( विश्व परिवार )।** श्री 1008 चिंतामणि पार्श्वनाथ दिगंबर जैन कचनेर क्षेत्र अंतर्गत कार्यकारिणी के चुनाव के लिए रविवार को हुए चुनाव में समन्वय पैनल के सभी 25 प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। विजयी उम्मीदवार हैं- जितेन्द्र पाटनी, अशोक अजमेरा, नितिन गंगवाल, हेमंत बाकलीवाल, मनोज साहूजी, अशोक ठोले, जयकुमार बाकलीवाल, नीलेश काला, अमित बाकलीवाल, मुकेश कासलीवाल, सुनील पाटनी, आनंद पहाड़े, मनोज बडजाते, रवींद्र पहाड़े, जयेश काला, संजय पहाड़े, पंकज पांडे, बिपिन कासलीवाल, राजकुमार पांडे, पंकज गोधा, विजय पांडे, संजय लोहाड़े, शांतिलाल पहाड़े, विशाल बड़जाटे, दिगंबर क्षीरसागर शामिल हैं। इस दौरान सभी विजयी प्रत्याशियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन सुरेश कुमार कासलीवाल, वाइस चेयरमैन संजय कासलीवाल, मैनेजिंग ट्रस्टी भरत कुमार थोले, ट्रस्टी डी. यू जैन, महेंद्र काले, सुभाष चंद बोहरा, ललित पाटनी, रवींद्र साहूजी, एम. आर। बड़जाटे, प्रमोद कुमार कासलीवाल एवं अन्य उपस्थित थे।




### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुप्रसिद्ध कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**रायपुर ( आरएनएस )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय चेतना की सशक्त स्वर श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान की पुण्यतिथि (15 फरवरी) पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अप्रतिम योगदान को नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान क्रांतिकारी विचारधारा की संवाहक थीं जिनकी लेखनी ने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। उनकी कालजयी रचना 'झाँसी की रानी' मात्र कविता नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम की अमर गाथा है, जिसने प्रत्येक भारतीय के हृदय में स्वाभिमान और संघर्ष की ज्वाला प्रज्वलित की।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुभद्रा जी की कविताएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी स्वतंत्रता संग्राम के समय थीं। उनकी लेखनी ने भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई को ऊर्जा दी और जनमानस में राष्ट्रीय चेतना जागृत की। उनकी रचनाएं न केवल अतीत की गौरवगाथा हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का शाश्वत स्रोत बनी रहेंगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान ने श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए उनके अविस्मरणीय योगदान को नमन किया।मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर युवाओं से आह्वान किया कि वे श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र के उत्थान में अपनी भूमिका निभाएं।

### राजधानी रायपुर में फिर मिला गौ-मांश

**रायपुर ( आरएनएस )।** राजधानी रायपुर में एक बार फिर गौमांस की तस्करी करने का मामला सामने आया है। मामला सरोना क्षेत्र का है जहां भैंसथान डेयरी में हिंदू संगठनों ने छापा मारकर गौमांस बरामद किया गया। पुलिस को भी इस मामलें की सूचना दी गई है। इसके बाद डीडी नगर पुलिस मौके पर पहुंची है। मिली जानकारी के अनुसार हिंदु संगठनों को सरोना के भैंसथान डेयरी में गौमांश बेचे जाने की सूचना मिली जिसपर हिंदु संगठनों के कार्यकर्ताओं ने डेयरी पहुंचकर जांच पड़ताल की तो वहां फ्रिज में भारी मात्रा में गौमांश रखा होना पाया। जिसके बाद इसकी सूचना डीडी नगर पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मांश को जब्त कर जांच के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि डेयरी में छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में गौमांस के साथ-साथ कई मोबाइल फोन्स भी मिले हैं। साथ ही वहां से कुछ बांग्लादेशी दस्तावेज भी बरामद हुए हैं, जिससे इस मामले में अंतरराज्यीय या अंतरराष्ट्रीय तस्करी होने की आशंका जताई जा रही है।

# भावलिंगी संत पहुँचे लाल मंदिर, अतिवीर जी मुनिराज से हुआ वात्मत्य मिलन



**नई दिल्ली ( विश्व परिवार )।** भावलिंगी सते संघ शिरोमणि श्रमणाचार्य श्री 108 विमर्शसागर जी महामुनिराज ससंघ (37 पीढ़ी) राजधानी दिल्ली के जिनमंदिरों की दर्शन श्रृंखला में 14 फरवरी शुक्रवार की प्रात: बेला में लाल किले के समीपस्थ लालमंदिर श्री 1008 पार्श्वनाथ जैन मंदिर में पहुँचे। श्री जिनालय में पूर्व से विराजित आचार्य श्री 108 अतिवीर जी मुनिराज ने आचार्यश्री ससंघ की मंगल आगवानी की, एवं वात्सल्यमयी भव्य मिलन किया। उपस्थित श्रद्धालु भक्त समूह दौनों संतों के भव्य मिलन का दर्शन कर मुक्त कंठ से जय-जयकार करने लगे।

आचार्यश्री विमर्शसागर जी महामुनिराज ने अपने उद्‌बोधन में कहा – प्रभु भक्ति में गा लें हम थोड़ा हसलें गा लें हम । निल में प्रभु समाया है. निज में डूब मना लें हम । प्रभु की भक्ति ही, हो-हो-2, भव राग नशाए रे हमारी आत्मा में एक गुण ऐसा है। जो हमारी आत्मा के अनंत गुणों की श्रद्धा करा देता है वह गुण है सम्यग्दर्शन। यह सम्यग्दर्शन गुण हमें अपनी ही आत्मा में परमात्मा का दर्शन करा देता है। अपनी परमात्म शक्ति से परिचित होकर बीज की भाँति अपनी आत्मा में ही हम एक दिन परमात्म स्वरूप को प्राप्त कर लूंगा, जिस प्रकार पूर्व में अनेकों भव्यात्माओं ने अपनी आत्मा से परमात्म स्वरूप को प्राप्त कर लिया है।

हमें आराधना तो जिनेन्द्र भगवान की ही करनी होगी । जब जिन-आराधना करते हुए हमें जिनेन्द्र भगवान ज़ जैसा स्वरूप अपने अंदर दिखने लग जाएगा। तब मानना कि आपके द्वारा की जाने वाली जिन-आराधना सफल हो गयी है।

मैं जब दिल्ली में आया था तब लाल मंदिर में भगवान पार्श्वनाथ स्वामी के चरणों में निवेदन- भावना करके गया था कि दिल्ली का यह प्रथम न्चातुर्मास है, अपूर्व होना चाहिए। आत्म चातुर्मास के बाद पुन: प्रभु के चरणों में अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करने आया हूँ।

आज प्रथम बार अतिवीर जी से मिलना हुआ है। स्वरूप से तो अनेकों बार मिलन हो जाता है आज प्रतिरूप से मिलन हुआ है। **-हर्ष जैन**

# दिल्ली से 1500 किमी लंबी गिरनार जी धर्म पद यात्रा को पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज का सतना में आशीर्वाद : विश्व जैन संगठन

## मुनि श्री सुधा सागर जी मुनिराज ने दिया कटनी पंचकल्याणक में धर्म पद यात्रा को आशीर्वाद और सारे भारत को शामिल होने का आह्वान

## तीर्थ यात्रा जीवन को कृतार्थ करने का आधार और तीर्थ यात्रा में धन लगाने से जीवन धन्य बनता-मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी मुनिराज



**दिल्ली ( विश्व परिवार )।** 22वें जैन तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान के मोक्षकल्याणक दिवस 2 जुलाई 2025 को नेमि मोक्षस्थल उर्जयंत गिरनार पर 101 दिन में दिल्ली से 23 मार्च 2025 को आरंभ होने वाली 1500 किमी लंबी प्रथम धर्म पद यात्रा के लिए विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन ने सतना में विराजमान पूज्य आचार्य श्री 108 समय सागर जी महामुनिराज ससंघ, कटनी में विराजमान पूज्य मुनि पुंगव श्री 108 सुधा सागर जी मुनिराज और भोपाल में विराजमान पूज्य मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी मुनिराज से 12 और 13 फरवरी 2025 को मंगल आशीर्वाद और मार्गदर्शन विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन ने बताया कि दिल्ली से गिरनार जी के लिए धर्म पद यात्रा के लिए सतना में ससंघ विराजमान संत शिरोमणि पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य और नवाचार्य श्री समय सागर जी महामुनिराज ने मंगल आशीर्वाद दिया और संघस्थ मुनि श्री अभय सागर जी मुनिराज ने धर्म पद यात्रा की विस्तृत जानकारी लेकर मार्गदर्शन और मंगल आशीर्वाद दिया। सतना से श्री अजय जैन, पंकज जैन और संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

कटनी में श्री चेतनोदय तीर्थ पंचकल्याणक महामहोत्सव में विराजमान मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी मुनिराज ने 12 फरवरी को तप कल्याणक के अवसर पर प्रवचनों में धर्म पद यात्रा को मंगल आशीर्वाद देते हुए सारे भारत को पद यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया। सिंघई श्री सुधीर जैन जी, पूर्व अध्यक्ष-भारतवर्षीय तीर्थ क्षेत्र कमेटी और श्री चेतनोदय तीर्थ, कटनी संयोजक श्री संदीप जैन, भोपाल से श्री राकेश गोहिल, जबलपुर से डॉक्टर यतीश जैन और संगठन के सदस्यों ने मुनि श्री को यात्रा किए श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भोपाल में नेहरू नगर जैन मंदिर जी में 13 फरवरी को ससंघ विराजमान पूज्य मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी मुनिराज ने विश्व प्रसिद्ध शंका समाधान कार्यक्रम में धर्म पद यात्रा के लिए मंगल आशीर्वाद देते हुए जैन धर्म में तीर्थ यात्रा व इसमें धन खर्च करने के महत्व को बताते हुए सभी को शामिल होने और पद यात्रा के माध्यम से अहिंसा, शाकाहार, जैन सिद्धांतों और जैन समाज के राष्ट्र निर्माण में योगदान के प्रचार प्रसार करने का मार्गदर्शन दिया।

# मुनिश्री विलोकसागर जी महाराज एवं मुनिश्री विबोधसागर जी महाराज के सानिध्य में निकली श्रीजी की रथयात्रा

## भव्य शोभायात्रा में झूमे भक्त, गूंजे जयकारे, हाथी-घोड़ों एवं बग्गियों पर सवार होकर निकले आयोजन के मुख्य पात्र

## विश्वशांति महायज्ञ के साथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का हुआ समापन

**झांसी ( विश्व परिवार )।** वीरभूमि झांसी महानगर के बड़ागांव गेट बाहर सूंजे खां खिड़की मार्ग स्थित चावला कॉलोनी के पास बनी अयोध्या नगरी में मुनिश्री विलोकसागर जी महाराज एवं मुनिश्री विबोधसागर जी महाराज के सानिध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी संजय भैया जी एवं सह प्रतिष्ठाचार्य नवीन भैया जी के निर्देशन में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में मोक्ष कल्याणक के पश्चात विश्वशांति महायज्ञ में पूर्ण आहुतियां दी गईं। तत्पश्चात सूजे खां खिड़की मार्ग से प्रारंभ होकर बिसाती बाजार, मालिनो का तिराहा, बड़ा बाजार मुरली मनोहर मंदिर से बड़ागांव गेट रोड होकर श्रीजी की रथयात्रा कार्यक्रम स्थल पहुंची। भव्य शोभायात्रा में आयोजन के मुख्य पात्र घोड़ों एवं बग्गियों पर सवार होकर निकले। इस अवसर पर तीर्थंकर के माता पिता के रूप में श्रीमति सुलेखा-मनोज नायक, सौधर्म इंद्र श्रीमति उषा-रविन्द्र सिंघई, कुबेर इंद्र श्रीमति श्वेता-नितिन जैन, भरत चक्रवर्ती श्रीमति पूनम-संजीव जैन मिनी चिरगांव, महायज्ञनायक श्रीमति कल्पना-अरविन्द जैन कामरेड, बाहुबली श्रीमति कनिका-शशांक जैन, यज्ञनायक श्रीमति प्रिया-प्रतीक जैन, ईशान इन्द्र श्रीमति ममता-जितेन्द्र चौधरी, सानतकुमार इन्द्र श्रीमति रश्मि-गौतम जैन (सुपाड़ी), माहेन्द्र इन्द्र श्रीमति मेघा,-प्रदीप जैन महरौनी, राजा श्रेयांस श्रीमति सुलोचना-सनत नायक, राजा सोम श्रीमति प्रियंका-अमरेन्द्र ड्योढिया, विधिनायक प्रतिमा



पुण्यार्जक श्रीमति रंजना-आलोक जैन, ध्वजारोहण पुण्यार्जक श्रीमति राखी-संजय जैन, मण्डप उद्घाटनकर्ता श्रीमति विमलादेवी-अजित जैन, महामंडलेश्वर श्रीमति अनीता-इंजी.अनिल जैन, श्रीमति नेहा-अलंकार जैन, श्रीमति अंजू-रवींद्र जैन रेल्वे, श्रीमति प्रभा-दिनेश जैन दीनू सहित अनेकों इन्द्र इंद्राणियों ने मोक्षकल्याणक को पूजन कर पूर्ण अर्घ्य समर्पित किए। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष संजय सिंघई, कार्याध्यक्ष खुशाल जैन, मुख्य संयोजक दिनेश जैन डीके, स्वागताध्यक्ष रविन्द्र जैन रेल्वे, परम संरक्षक ललित जैन, प्रदीप जैन विश्वपरिवार, इंजी हुकुमचंद जैन, आनन्द ड्योढिया, मुख्य सलाहकार रमेश चंद्र जैन अछरौनी, जिनेन्द्र सर्राफ, प्रदीप जैन चैनू, उपाध्यक्ष वरुण जैन, रविन्द्र जैन चिरगांव, आलोक जैन विश्वपरिवार, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र जैन, सह कोषाध्यक्ष कमलेश जैन, ऑडिटर प्रभात जैन, संयोजकगण मनोज सिंघई, शरद जैन, पवन जैन एडवोकेट, गौरव जैन नीम, सचिन सर्राफ, दीपांक जैन, विशाल सिंघई, मुकेश वीडियो, देवव्रत बब्लू, कमल भुचेरा, सौरभ जैन बैंक, दिव्यांश जैन, शुभम जैन छोटू, प्रमोद जैन वैरायटी, अतुल जैन सर, राजेश जैन लाला, प्रमोद जैन बब्बा, शुभम जैरी, राहुल टेंट, आकाश जैन सहित सैंकड़ों श्रावक श्राविकाएं उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ एवं आभार मंच संयोजक अंकित सर्राफ ने व्यक्त किया।

# भाजपा जिला पंचायत प्रत्याशियों को दिए गए सफलता का मंत्र

## बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा ने की



**कोरबा(विश्व परिवार)।** आगामी जिला पंचायत चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी कोरबा प्रत्याशियों की महत्वपूर्ण बैठक भाजपा कार्यालय दीनदयाल कुंज, कोरबा में आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रत्याशियों को चुनाव की रणनीति, संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाने के दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा जिला पंचायत प्रत्याशियों को सफलता का मंत्र दिए गए उक्त बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा ने की। उनके साथ ही पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर, प्रदेश मंत्री विकास महतो, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, पवन गर्ग, राजेंद्र पांडेय, महामंत्री द्वय टिकेश्वर राठिया और संतोष देवागन सहित अशोक चावलानी भी उपस्थित रहे। इस बैठक में प्रदेश मंत्री विकास महतो की विशेष भूमिका रही। उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों को जीत सुनिश्चित करने के लिए एक संगठित रणनीति पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ष्यह चुनाव केवल प्रत्याशियों की जीत का नहीं, बल्कि भाजपा की विचारधारा को जनता के बीच मजबूत करने का भी अवसर है। हमें एकजुट होकर संगठन की ताकत को बढ़ाना होगा। बैठक में चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें प्रत्याशियों को जनसंपर्क अभियान तेज करने, सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा ने प्रत्याशियों को संबोधित करते हुए कहा कि ष्यह चुनाव केवल जीतने के लिए नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को जीतने के लिए है। भाजपा की सरकार ने गांव, गरीब और किसानों के लिए जो कार्य किए हैं, उन्हें हमें हर घर तक पहुंचाना होगा। पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर ने कहा कि ष्यह चुनाव क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। प्रत्याशी अपने क्षेत्र में जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्पर रहें। बैठक में मौजूद अन्य नेताओं ने भी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए एकजुटता और समर्पण से काम करने अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों और उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाकर हम जनता का समर्थन प्राप्त कर सकते हैं। बैठक के अंत में सभी प्रत्याशियों ने एकजुटता के साथ चुनावी मैदान में उतरने और भाजपा को जीत दिलाने का संकल्प लिया।

# यूपी पुलिस की वर्दी पहनकर रौब झाड़ने वाला फर्जी इंस्पेक्टर गिरफ्तार

**बलौदाबाजार-भाटापारा(विश्व परिवार)।** जिले की सोनाखान चौकी पुलिस ने पुलिस की वर्दी पहन लोगों के समक्ष रौब झाड़ने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी उत्तर प्रदेश पुलिस की वर्दी पहन फर्जी तरीके से ग्राम महकम में घूमते हुए पकड़ा गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पुनीराम सागर निवासी वीर नारायणपुर भुसडीपाली द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि बुधवार को सुबह 9 बजे वह घर के किसी काम से ग्राम महकम गया था, जहां पर एक घर में पुलिस की वर्दी पहने एक व्यक्ति बैठा था। उस व्यक्ति के कंधे पर दो-दो स्टार लगा था तथा उत्तर प्रदेश पुलिस का बैच लगा हुआ था। पुलिस की वर्दी पहने उक्त व्यक्ति द्वारा स्वयं को उत्तरप्रदेश पुलिस विभाग में नौकरी बताते हुए कोई काम होगा तो मुझसे कहना कह रहा था। जिस पर संदेह होने पर इसकी सूचना सोनाखान चौकी में दी गई। सूचना पर चौकी सोनाखान थाना कसडोल में आरोपी के खिलाफ धारा 204 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में चौकी सोनाखान पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम रोशन गौतम उम्र 29 वर्ष निवासी कांशीराम कॉलोनी मकान नंबर 59/12 चिनहट थाना चिनहट जिला लखनऊ उत्तर प्रदेश का होना बताया। और पुलिस विभाग में नौकरी नहीं करना एवं उत्तर प्रदेश पुलिस का वर्दी खरीद कर पहनकर ग्राम महकम में लोगों के समक्ष स्वयं को पुलिस वाला हूं बताना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में ना होते हुए भी पुलिस की वर्दी पहनकर ग्राम महकम में घूमते फर्जी तरीक़े से घूमते हुए पाया गया। आरोपी से उत्तर प्रदेश पुलिस की वर्दी कपड़ा, जूता, बेल्ट टोपी आदि जप्त किया गया है। मामले में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 67 वाहन चालकों पर हुई करवाई

**बलौदाबाजार-भाटापारा(विश्व परिवार)।** जिला यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर करवाई लगातार जारी है। जिसके तहत पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 67 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 21 हजार रूपये समन शुल्क वसूल किया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, नो-पार्किंग में अपने वाहन खडा करने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 33 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 9900 समन शुल्क वसूला गया है। नो-पार्किंग में वाहन खडा करने वाले 23 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 6900 समन शुल्क वसूल किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की हैं कि सभी यातायात के नियमों का पालन करें एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करें।

# जनपद पंचायत बगीचा में चुनाव के लिए मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी का दिया गया प्रशिक्षण

**जशपुरनगर(विश्व परिवार)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत जनपद पंचायत बगीचा में 17 फरवरी को निर्वाचन होना है। इसके लिए राज्य चुनाव आयोग के गाइडलाइन के अनुसार अधिकारी कर्मचारी तैयारियों में जुटे हुए हैं। आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बगीचा मे काउंटर प्रभारी और सहायकों को जनपद पंचायत बगीचा हेतु मतदान दलों को मतदान साम्रगी वितरण एवं वापसी के संबंध में मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों के द्वारा पंचायत निर्वाचन में उपयोग आने वाली मतपत्र, मतपेटी, लिफाफा सहित अन्य जरूरत के सामग्री के वितरण एवं चुनाव उपरांत वापसी के संबंध में विस्तार से जानकारी देने के साथ ही इसमे बरते जानी वाली सावधानियों के बारे मे भी बताया गया। इसके अलावा राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के पालन करते हुए कार्य को संपादित करने के भी निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में रिटर्निंग अधिकारी श्री महेश्वर सिंह उईके ने मतदान दलों को सहयोग प्रदान करने और समस्या आने पर समाधान करने के लिए तत्पर रहने के निर्देश भी दिए। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु जनपद पंचायत बगीचा अंतर्गत 93 ग्राम पंचायत हैं।

# जनता को चुनाव के नतीजों का इंतजार, आज होगा फैसला, किसके सर सजेगी ताज ?

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** नगर पालिका चुनाव के नतीजों का इंतजार अब समाप्त होने वाला है। आज मतगणना शुरू होगी, जिसके बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि नगर की बागडोर किसके हाथ में जाएगी। चुनावी मुकाबला भाजपा प्रत्याशी रिखीराम यादव और कांग्रेस प्रत्याशी गैंदलाल सिन्हा के बीच कड़ा रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान दोनों पार्टियों ने जनता को लुभाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। अब देखना यह है कि मतदाता किसे अपना आशीर्वाद देते हैं और कौन नगर की राजनीति का नया चेहरा बनता है। जनता की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि किसके सिर नगर पालिका का ताज सजेगा। क्या कोई नया चेहरा उभरेगा या फिर पुराने खिलाड़ी बाजी मारेंगे, यह कुछ ही घंटों में साफ हो जाएगा। चुनाव के दौरान मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया।

गरियाबंद जिले में एक नगर पालिका और 5 नगर पंचायत क्षेत्रों में मतदान हुआ, जिसमें कोपरा नगर पंचायत में 88.87त्न मतदान के साथ सबसे अधिक वोटिंग दर्ज की गई। मतगणना के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, और प्रशासन ने सुचारू रूप से प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। जल्द ही परिणाम सामने आएंगे, जिससे यह स्पष्ट हो जाएगा कि नगर की बागडोर किसके हाथ में होगी।

उल्लेखनीय है कि नगर पालिका निर्वाचन 2025 के अंतर्गत सभी निकायों में सुबह 9 बजे से मतगणना शुरू होगी। इनमें नगर पालिका परिषद गरियाबंद के गांधी मैदान स्थित मंगल भवन, नगर पंचायत देवभोग में शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल, नगर पंचायत कोपरा में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कोपरा, नगर पंचायत छुरा में सांस्कृतिक भवन छुरा, फिंगेश्वर में आईटीआई भवन एवं नगर पंचायत राजिम में ग्रंथालय राजीव लोचन कॉलेज में मतगणना कार्य सम्पन्न कराया जायेगा। मतगणना कार्य एक राउंड में समाप्त होगी। सभी नगरीय निकाय के लिए 16-16 टेबल लगाये गये है। जिसमें 15-15 टेबल में ईवीएम की गणना की जायेगी तथा एक टेबल में रिटर्निंग ऑफिसर, गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायक उपस्थित रहेंगे। इस प्रकार जिले में कुल 90 वार्डों की मतगणना एक साथ की जायेगी। प्रत्येक वार्ड के लिए एक-एक टेबल की व्यवस्था की गई है। नगर पालिका परिषद गरियाबंद एवं नगर पंचायत कोपरा में एक टेबल में निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र की गणना की जायेगी। मतगणना के लिए कुल 270 कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# मनोरा में 10,000 फीट ऊंचाई तक जाने वाले पहले एमेच्योर रॉकेट का सफल प्रक्षेपण

### कलेक्टर रोहित व्यास की पहल पर सैकड़ों विद्यार्थियों की उपस्थिति में ऐतिहासिक रॉकेट लॉन्च, विज्ञान और तकनीक की ओर बढ़ाया कदम

### मनोरा विकास खंड के सेजस स्कूल में रॉकेट्री वर्कशॉप का हुआ शुभारंभ




**जशपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर विज्ञान और तकनीकी शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मनोरा विकासखंड में 10,000 फीट की ऊंचाई तक जाने वाले पहले एमेच्योर रॉकेट का सफल प्रक्षेपण किया गया। इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए सैकड़ों विद्यार्थी और शिक्षक मौजूद रहे। मनोरा विकासखंड के ग्राम चेड़िया के नजदीक नदी के किनारे संगम स्थल पर कलेक्टर रोहित व्यास ने पहले एक छोटे रॉकेट को बटन दबाकर लॉन्च किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग प्रभारी अधिकारी प्रशांत कुशवाहा, जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर, संकल्प प्राचार्य विनोद गुप्ता, आईडीवाईएम फाउंडेशन से वैज्ञानिक रत्नेश मिश्रा और को-फाउंडर रविशंकर सहित शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। विशेषज्ञ दल के द्वारा इस रॉकेट लॉन्च के दौरान सेजेस मनोरा में 100 विद्यार्थियों को अलग से रॉकेट निर्माण और प्रक्षेपण के कॉन्सेप्ट समझाएं गए। वर्कशॉप में वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को रॉकेट डिज़ाइन करने और बनाने की प्रक्रिया और उसके पीछे की वैज्ञानिक अवधारणाओं को समझाया। विद्यार्थियों ने 10-10 के समूहों में बंटकर कुल 10 रॉकेट तैयार किए। इसके बाद, विद्यार्थियों ने स्वयं ही अपने बनाए रॉकेट का सफल प्रक्षेपण किया। विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए इन रॉकेट ने लॉन्च के बाद 300 से 500 मीटर तक की ऊंचाई प्राप्त की। रॉकेट्री कार्यशाला का आयोजन प्रत्येक विकास खंड के एक विद्यालय में किया जा रहा है जिसमे आस पास के 6-7 और स्कूलों से विद्यार्थियों और शिक्षक भी शामिल हो रहें है द्य इस कार्यशाला में रॉकेट विज्ञान की बारीकी भी समझाया जा रहा है और विद्यार्थी बहुत ही उत्साहित हो कर इस महत्वपूर्ण विज्ञान को न सिर्फ़ सैद्धांतिक रूप से समझ रहे है बल्कि प्रैक्टिकल करके भी देख रहे है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक विज्ञान की शिक्षा देना और उनमें नवाचार की भावना विकसित करना था। इस अवसर पर बीईओ संजय पटेल, बीआरसीसी तरुण पटेल, यशस्वी जशपुर के अवनीश पांडेय, सेजेस मनोरा के प्राचार्य श्री बैरागी सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे। विद्यार्थियों से बात करने पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाने चाहिए। जिससे विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में नई संभावनाएं तलाशने का अवसर मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 108 एम्बुलेंस का चालक नौकरी से बर्खास्त: मारपीट व अपहरण का आरोप

**कोरबा(विश्व परिवार)।** 108 एम्बुलेंस के जिला प्रबंधक (मैनेजर) को बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है. 108 एम्बुलेंस के ड्राइवर और उसकी महिला साथी ने मिलकर जिला प्रबंधक प्रिंस पांडे का पहले अपहरण किया। दोनों ने मिलकर प्रिंस के साथ मारपीट की और उसे एक घर में बंद कर दिया। मामले में कंपनी ने आरोपी ड्राइवर को बर्खास्त कर दिया है, साथ ही थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। जानकारी के मुताबिक, जय अंबे इमरजेंसी सर्विस रायपुर में कार्यरत प्रिंस पांडे कोरबा में 108 सेवा का जिला प्रबंधक है. कुछ समय पहले प्रिंस ने 108 एम्बुलेंस के ड्राइवर मोतीलाल यादव को निलंबित कर दिया था। बताया जाता है कि मोतीलाल आदतन शराबी है. निलंबन की कार्रवाई से नाराज मोतीलाल ने महिला साथी किरण चैहान के साथ मिलकर पहले प्रिंस पांडे का अपहरण किया। पीड़ित युवक को मेडिकल कॉलेज परिसर ले जाकर उसके साथ मारपीट की। जब पिटाई से प्रिंस बेहोश हो गया तो आरोपियों ने दादर के पास एक घर में उसे बंद कर दिया। प्रिंस ने होश आने के बाद अपने दोस्त और कोरबा पुलिस को घटना की जानकारी दी। पीड़ित ने पुलिस को अपना लोकेश शेयर किया। जिसके बाद पुलिस ने प्रिंस को छुड़ाकर लाई, सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। वही मामले की जांच की जा रही है।

### कारोबारी से बनाकर 6 लाख का धोखाधड़ी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** रायपुर में एक कारोबारी से धोखाधड़ी हो गई। कोरबा के ठेकेदार ने इलाईट प्राइवेट कम्पनी के संचालक से चार ट्रक को 2 लाख 50 हजार रूपए प्रतिमाह किराया एग्रीमेंट बनाकर 6 लाख का चेक देकर धोखाधड़ी की है। पैसा मांगने पर गाड़ी वापस नहीं करने की धमकी भी दी। रायपुर अंतर्गत 70 जी.टी. केपीटल होम सड्डू निवासी क्षीर सागर ने मोवा थाना जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह निसान इलाईट प्रा.लि. का डायरेक्टर है। 6 माह पूर्व उसको कोरबा के सागर का फोन आया था। जिसमें उसने कम्पनी से चार ट्रक को 2,50,000/- रूपये प्रतिमाह की दर से एग्रीमेन्ट कर प्लांट एवं माईन्स, अडानी पावर कठली रायगढ एवं डीबी पावर, कुसमुण्डा माईन्स मे लगाने का झांसा देकर चेक से एडवांस पेमेंट कर अपने बंधन बैंक खाता शाखा कोरबा के नाम से 4 और 5 लाख का चेक दिया था। जिसे लेकर क्षीर सागर ने कम्पनी से अपने चार ट्रक को सागर बजाज के पास कोरबा रवाना कर दिया। जहां ट्रकों से कोल माइंस और प्लांट में चलावाया जा रहा था। क्षिर सागर ने जब सागर के दिए चेक को बैंक में लगाया तो वह बैंक में अनादरित हो गया। इस पर कम्पनी के सुपरवाइजर चितेश्वर ने सागर को पैसा वापस करने के लिए फोन करने पर सागर ने चितरेश्वर को चेक फाड़ कर वीडियो बनाने को कहा और गाड़ी वापस न करने के लिए धमकी दी। सागर ने क्षिर सागर को धोखाधड़ी करने की आशय से विश्वास जीतकर मुनाफा कमाने का लालच देकर धोखाधड़ी कर कम्पनी को 20 लाख रूपए का नुकसान पुहंचाया। कम्पनी डायरेक्टर ने इसकी शिकायत शाम मोवा थाना में दर्ज कराया।

### प्रशासन ने रोका पांच बाल विवाह

**जांजगीर-चांपा(विश्व परिवार)।** महिला व बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से नाबालिग कन्या का विवाह से रोका गया। बाल विवाह संबंधी सूचना प्राप्त होते ही कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अनिता अग्रवाल एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल के नेतृत्व एवं पुलिस विभाग के सहयोग से आज कुल 5 बाल विवाह रोका गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि विकास खंड नवागढ़ के ग्राम अवरीद मे 05 बाल विवाह रोका गया। जहां बाल विवाह की सूचना स्थल में जाकर पाचों अलग-अलग परिवार के बालक तथा बालिकाओं की अंकसूची की जांच की गयी। बालक तथा बालिका की वर्तमान आयु विवाह हेतु निर्धारित आयु से कम होना पाया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारीयों द्वारा बालक-बालिकों एवं उनके माता-पिता एवं स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया एवं समझाईश के पश्चात स्थानीय लोगों की उपस्थिति में माता-पिता की सहमति से 05 बाल विवाह रोका गया एवं लड़कियों के लिए निर्धारित 18 वर्ष तथा लड़कों के लिए निर्धारित 21 वर्ष के पूर्व विवाह न करने संबंधी घोषणा पत्र व राजीनामा पत्र में गवाहों के समक्ष हस्ताक्षर कराया गया। उन्होंने बताया कि रोक गये 05 बाल विवाह में से 03 बच्चों का बाल विवाह 18 फरवरी 2025, 19 फरवरी 2025 एवं 21 फरवरी 2025 को होना निर्धारित था एवं 02 बच्चों का बाल विवाह माह दिसंबर 2025 की स्थिति में निर्धारित था।

## व्यापार समाचार

### स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने वित्तीय परिणाम घोषित किए

**नईदिल्ली।** स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड (एसजीएलटीएल) एनएसईऔर बीएसई पर सफल लिस्टिंग के बाद अपने पहले क्यू3 वित्तीयपरिणामों की घोषणा की। उनका मजबूत वित्तीय प्रदर्शन मज़बूत बिज़नेसफंडामेंटल्स, अच्छे ऑपरेशंस और इनोवेशन को दर्शाता है। एफवाय25 के 9 महीने के परिणामों पर नज़र डाले तो टोटल रेवन्यू 33त्न वार्षिक वृद्धि के साथ 45,493.22 लाख रुपये रहा। एबिटडा 20.09 प्रतिशत केमार्जिन और 42 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ 9,137.93 लाख रुपये रहा। वहीं, प्रॉफिट बिफ़ोर टैक्स (पीबीटी) 46 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ 7,130.71 लाख रुपये, रहा। प्रॉफिट आफ्टर टैक्स (पीएटी) की बात करे तो 45 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि और 11.47 प्रतिशत के मार्जिन साथ 5,215.86 लाख रुपये रहा। ऑपरेशंस से कैश फ्लो 600 लाख रुपये दर्ज किया। एक्सपेंशन की बात करे तो कंपनी ने आईपीओ में 210 करोड़ रुपये कीसफलतापूर्वक राशि जुटाई, जो ग्रोथ को बढ़ावा देगी। एस2 यूनिट 5 (100,000 वर्ग फुट) का पज़ेशन प्राप्त किया जिसके ऑपरेशन्स फरवरीकरनेगे, जो क्यू4 एफवाय25म्मीद है। साथ ही, एक्सपोर्ट को मजबूतकरने के लिए यूएसए में एक नई सहायक कंपनी स्थापित करनेगे, जोक्यू4 एफवाय25 तक पूरा होने के लिए तैयार है। कंपनी ने नए प्रोडक्ट्स के लांच की घशोना भी भी करी है, जिससे भारत की इंडस्ट्रियल कैपेबिलिटीज में वृद्धि होगी। कंपनी इनोवेशन पर काफ़ीध्यान दे रही है, जो भारत में उनके स्ट्रेटेजिक इंवेस्टर एजीआई इंक. जापानके प्रोडक्ट्स सहित अत्याधुनिक तकनीकों को ला रहे हैं। उनकी नईप्रोडक्ट लाइन नए मार्केट स्टैंडर्ड्स को स्थापित करेगी, जो भारत मेंअनुमानित 2,000 करोड़ रुपये के अवसर को खोलेगी।

### HCLTech ने अपने अर्ली कैरियर प्रोग्राम टेकबी के लिए आमंत्रित किए आवेदन

**नोएडा।** दुनिया की दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी HCLTech ने अपने टेकबी कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित करने की घोषणा की है। इस खास प्रोग्राम की मदद से छात्रों को कक्षा 12 के बाद अपना करियर शुरू करने का बेहतरीन मौका मिलेगा। इस प्रोग्राम में पूरे भारत के छात्र शामिल हो सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों को HCLTech के साथ 12 महीने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, उन्हें कंपनी में फुल-टाइम नौकरी की पेशकश की जाती है. इसी के साथ ही वे BITS पिलानी, IIIT कोट्टायम, SASTRA यूनिवर्सिटी और एमिटी यूनिवर्सिटी ऑनलाइन जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से पार्ट टाइम उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। गणित या व्यावसायिक गणित की पृष्ठभूमि वाले छात्र तकनीकी भूमिकाओं के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। यह टेकबी का आठवां साल है। टेकबी प्रोग्राम में सफल छात्र कंपनी में डिजिटल इंजीनियरिंग, क्लाउड, डेटा साइंस और एआई जैसी भूमिकाओं में योगदान दे रहे हैं। इसके लिए आवश्यक अंकों, वित्तीय सहायता और परामर्श के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.hcltechbee.com पर जाएं। सुब्बारामन बालासुब्रमण्यन, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, HCLTech ने कहा, 2017 से, टेकबी प्रोग्राम ने हजारों छात्रों को प्रशिक्षित किया है।

### कामधेनु लिमिटेड छत्तीसगढ़ में अपनी स्ट्रक्चरल स्टील सेगमेंट की बाजार हिस्सेदारी को और मजबूत करेगा

**रायपुर:** भारत की सबसे बड़ी निर्माता और रिटेल में ब्रांडेड टीएमटी बार की विक्रेता, कामधेनु लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ में स्ट्रक्चरल स्टील सेगमेंट की अपनी बाजार हिस्सेदारी को और मज़बूत करने के लिए व्यापार रणनीति की घोषणा की। इस रणनीति के अनुसार, कंपनी एक वर्ष में राज्य में अपने स्ट्रक्चरल स्टील की उत्पादन क्षमता को 15त्न और बढ़ाने की योजना बना रही है। कामधेनु ने गुणवत्ता वाले निर्माण सामग्री के निर्माता और आपूर्तिकर्ता के रूप में खुद को प्रमुख बना लिया है जो उपभोक्ताओं के लिए किफायती मूल्य स्तर पर है। इसके अलावा, कंपनी राज्य में अपने डीलर और वितरक नेटवर्क को भी मजबूत करने की योजना बना रही है। अगले एक वर्ष में 10त्न और अधिक डीलर और वितरक जोड़ने की योजना है। वर्तमान में कंपनी के पास राज्य में पहले से ही एक मज़बूत डीलर और वितरकों का नेटवर्क मौजूद है। कामधेनु लिमिटेड के निदेशक, श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ कामधेनु लिमिटेड के विकास के लिए महत्वपूर्ण बाजार है जहां इंफ्रास्ट्रक्टर और निर्माण उद्योग के लिए बहुत सारी संभावनाएं हैं। कामधेनु संरचनात्मक इस्पात सेगमेंट में पहले से ही देश में मजबूत मौजूदगी रखता है और इस विस्तार रणनीति के साथ, हम राज्य में एक ठोस बाजार हिस्सेदारी को पकड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। यह हमारी संरचनात्मक इस्पात सेगमेंट में अपनी बाजार हिस्सेदारी को बढ़ाने की हमारी संपूर्ण रणनीति के साथ मेल खाता है।

### फाइनेंशियली एवर आफ्टर' एचडीएफसी बैंक ने जोड़ों को पैसे के बारे में प्रोत्साहित करके वेलेंटाइन डे मनाया

वेलेंटाइन डे के अवसर पर भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने 'सफाइनेंशियलीएवरआफ्टर' जोड़ों को वित्तीय मामलों के बारे में शिक्षित करने के लिए एक अनूठा अभियान शुरू किया है। यह अभियान युवा जोड़ों को अपने पैसे को एक साथ प्रबंधित करने के विचार से परिचित कराता है - आधुनिक समय के रिश्तों का एक महत्वपूर्ण लेकिन अक्सर अनदेखा किया जाने वाला पहलू। यह जेन जेड और युवा मिलेनियल जोड़ों को पैसे के मामलों को एक साथ नेविगेट करने के लिए ज्ञान और उपकरणों के साथ सशक्त बनाने का प्रयास करता है। बैंक ने एक समर्पित माइक्रोसाइट https://www.moneymadeeasy.org/ -बनाई है जिसमें एक इंटरैक्टिव 'सफाइनेंशियलीएवरआफ्टर' क्विज़ है, जो जोड़ों को मज़ेदार और जानकारीपूर्ण तरीके से अपनी वित्तीय अनुकूलता का आकलन करने में सक्षम बनाता है।



## इस सीरीज में कुछ भी गलत नहीं किया: रोहित शर्मा

**अहमदाबाद( एजेंसी )।** भारत ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में इंग्लैंड को पूरी तरह से रौंद दिया और बुधवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तीसरे और अंतिम वनडे में मेहमान टीम पर 142 रनों की जीत के साथ क्लीन स्वीप हासिल किया। कप्तान रोहित शर्मा, जो अपनी फॉर्म को लेकर सवालों के साथ सीरीज में उतरे थे, ने अपनी टीम के शानदार प्रदर्शन से अपने आलोचकों को चुप करा दिया। भारतीय कप्तान का मानना है कि उनकी टीम ने सीरीज में कोई गलती नहीं की, लेकिन फिर भी उन्होंने दावा किया कि उनकी 'चैंपियन टीम हर मैच में बेहतर प्रदर्शन करना चाहती है'। रोहित शर्मा ने मैच के बाद की प्रस्तुति में कहा, मुझे नहीं लगता कि हमने इस सीरीज़ में कुछ भी गलत किया है। कुछ ऐसी चीज़ें हैं जिन पर हम विचार कर रहे हैं, लेकिन मैं यहां खड़े होकर इस पर चर्चा नहीं करने जा रहा हूं। खिलाड़ी इस तरह की बातचीत करने में सहज हैं। टीम के भीतर कुछ स्थिरता बनाए रखना हमारा काम है और संवाद स्पष्ट है। कौशल के मामले में, मैं इस पर चर्चा नहीं कर सकता। जाहिर है, एक चैंपियन टीम हर मैच में बेहतर प्रदर्शन करना चाहती है और आगे बढ़ना चाहती है। द्विपक्षीय श्रृंखला अंततः भारत को उनके 2025 चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के लिए तैयार करने के लिए थी, जिसमें भारत 19 फरवरी से शुरू होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट में बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड का ग्रुप चरण में सामना करेगा। भारत अपने सलामी बल्लेबाजों से खुश होगा, जिसमें शुभमन गिल तीन मैचों की सीरीज़ में स्टार रहे और उम्मीद है कि वह आईसीसी टूर्नामेंट में भी अपनी अच्छी फॉर्म को बरकरार रखेंगे। 25 वर्षीय दाएं हाथ के बल्लेबाज़ शानदार फॉर्म में थे और उन्होंने तीन पारियों में 259 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ का खिताब जीता, जिसमें तीसरे मैच में शानदार 112 रन शामिल थे। भारत के उप-कप्तान ने संयम बनाए रखा और स्वीकार किया कि यह उनकी 'बेहतर पारियों' में से एक थी। गिल ने प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ ट्रॉफी जीतने पर कहा, मैं अच्छा महसूस कर रहा था, यह मेरी बेहतर पारियों में से एक थी। शुरुआत में विकेट थोड़े मुश्किल थे, तेज़ गेंदबाज़ों के लिए थोड़े मुश्किल, इसलिए यह संतोषजनक है। पिच सीम कर रही थी, इसलिए (विराट कोहली के साथ) बातचीत सरल थी, स्ट्राइक रोटेट करना और पावरप्ले में ज़्यादा विकेट नहीं खोना, गति बनाए रखना और वहीं से आगे बढ़ना। आप बस उस पर प्रतिक्रिया कर रहे हैं जो आपके सामने आ रहा है, आप ज़्यादा नहीं सोच रहे हैं। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ़ पिछली पांच मैचों की टी20 सीरीज़ में 4-1 से जीत दर्ज की थी।

## इंग्लैंड को शानदार भारत ने हराया: बटलर



**अहमदाबाद( एजेंसी )।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को तीन मैचों की वनडे सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे भारत ने हराया, जिसका समापन बुधवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मेहमान टीम को 142 रनों से हार के साथ हुआ। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने भारत के अपने पूरे दौरे में स्पिन के खिलाफ़ काफ़ी संघर्ष किया, जिसमें पांच मैचों की टी20 सीरीज़ में 1-4 की हार भी शामिल है और 19 फ़रवरी को पाकिस्तान में शुरू होने वाली 2025 चैंपियंस ट्रॉफी से पहले उन्हें अपने दृष्टिकोण में तेज़ी से बदलाव करने की ज़रूरत होगी। बटलर ने मैच के बाद की प्रस्तुति में कहा, पूरे दौरे की तरह, हमें एक शानदार टीम ने मात दी। हमारा दृष्टिकोण सही है, बस हम इसे अच्छी तरह से लागू नहीं कर पाए। उन्होंने बोर्ड पर शानदार स्कोर बनाया। शुभमन ने शानदार पारी खेली। हमने फिर से शानदार शुरुआत की, लेकिन यह हमारे लिए एक जानी-पहचानी कहानी है। हमें लंबे समय तक बल्लेबाज़ी करने का तरीका खोजने की ज़रूरत है। हम एक बहुत अच्छी टीम के खिलाफ़ थे जो हमें चुनौती देती रहती है। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने तीन मैचों की सीरीज में काफी संघर्ष किया, जिसमें सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और अनुभवी जो रूट, जो 2023 विश्व कप के बाद पहली बार वनडे टीम में लौटे हैं, तीन पारियों में तीन अंकों का स्कोर बनाने वाले एकमात्र दो इंग्लिश बल्लेबाज रहे। कई लोग उनके मध्यक्रम की असंगतता पर सवाल उठाएंगे, जो एक से अधिक मौकों पर स्पिन के खिलाफ संघर्ष करता रहा। इंग्लैंड चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप बी में है और 22 फरवरी से पहले चीजों को बदलने की उम्मीद करेगा, जब वे लाहौर में अपने शुरुआती मुकाबले में प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया से खेलेंगे। उसके बाद, ब्रेंडन मैकुलम की टीम 26 फरवरी और 1 मार्च को क्रमशः अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका से ग्रुप चरण को समाप्त करने के लिए भिड़ेगी। वे अब अगले कुछ दिनों में पाकिस्तान जाएंगे और उम्मीद है कि उनका भाग्य भी बदल जाएगा।

## विराट कोहली नहीं रजत पाटीदार बना आरसीबी का नया कप्तान, फ्रेंचाइजी ने किया आधिकारिक ऐलान



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** आखिरकार इंतजार खत्म हुआ और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने नए कप्तान के नाम का ऐलान कर दिया है. नीलामी के बाद से ही हर आरसीबी फैन ये जानने के लिए एक्साइटेड था कि आखिर फ्रेंचाइजी नया कप्तान किसे बनाएगी? गुरुवार को सोशल मीडिया के जरिए बोल्ड आर्मी ने कप्तान का ऐलान कर दिया है. तो आइए आपको भी बताते हैं कि आरसीबी का नया कप्तान कौन है. आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन के बाद जिस दिन का हर आरसीबी फैन को इंतजार था, वो दिन आ गया है. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने एक इवेंट के जरिए नए कप्तान के नाम का ऐलान करते हुए बताया है कि रजत पाटीदार फ्रेंचाइजी के नए कप्तान होंगे. वह आईपीएल 2025 में टीम की कमान संभालते नजर आएंगे. भले ही अब तक पाटीदार ने आईपीएल में कप्तानी ना की हो, लेकिन उन्होंने घरेलू क्रिकेट में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी के 2024-25 सीजन में अपनी राज्य टीम मध्य प्रदेश की कप्तानी की. जहां, रजत ने अपनी लीडरशिप से सभी को प्रभावित किया. रजत पाटीदार को 2021 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने साथ जोड़ा था और वह पिछले 4 सीजन से इसी टीम का हिस्सा हैं. मेगा ऑक्शन से पहले आरसीबी ने रजत को 11 करोड़ रुपये में रिटेन कर अपने साथ बरकरार रखा. मध्य प्रदेश के स्टार क्रिकेटर रजत पाटीदार ने आईपीएल में अब तक कुल 27 मुकाबले खेले हैं. जहां, उन्होंने 158.85 की स्ट्राइक रेट और 34.74 के औसत से 799 रन बनाए हैं. पिछला सीजन कमाल का रहा था, जहां उन्होंने 177.13 की स्ट्राइक रेट और 30.38 के औसत से 395 रन बनाए थे.

## जेईई मेन रिजल्ट 2025: भिलाई शहर में फिजिक्सवाला के 8 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए



**भिलाई:** एजुकेशन कंपनी फ़िजिकसवाला (पीडब्लू) ने जेईई मेन 2025 सेशन 1 परीक्षा में अपने नतीजे घोषित किये हैं , जिनमें से एक ने गुजरात से 100 पर्सेंटाइल हासिल किया है 7 साथ ही 612 से अधिक छात्रों ने 99.5 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, 1359 से अधिक छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, 3548+ छात्रों ने 98 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, और परिणामों की गिनती अभी भी जारी है। भिलाई में फिजिक्सवाला के 8 छात्रों ने जेईई मेन सेशन 1 2025 के परिणामों में 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। प्रमोद यादव (99.63), जयंत दुबे (99.60), और कुनाल देवांगन (99.43) भिलाई में पीडब्लू के शीर्ष 3 छात्रों में शामिल थे।

चार राज्य टॉपर्स अपनी शानदार उपलब्धियों के साथ इस सूची में सबसे आगे हैं 7 गुजरात के शिवेन विकास तोशनीवाल ने 100 पर्सेंटाइल हासिल किए, मिजोरम के इशांत वर्मा ने 99.57 पर्सेंटाइल हासिल किए, अरुणाचल प्रदेश के प्रणय कुमार रॉय ने 99.38 पर्सेंटाइल हासिल किए और जम्मू-कश्मीर के कामरान बिलाल भट ने 99.89 पर्सेंटाइल हासिल किए, जो पीडब्लू के मॉक टेस्ट में उनके प्रदर्शन से काफी मेल खाता है 7 इन छात्रों ने PW के ऑफ़लाइन सेंटरों (विद्यापीठ और पाठशाला) या फिर ऑनलाइन बैचों (अर्जुन JEE और लक्ष्य JEE) से पढ़ाई की थी। यह पीडब्लू के डिजिटल और फिजिकल लर्निंग प्लेटफॉर्म के एकीकृत दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिससे छात्रों को सर्वोत्तम तैयारी का लाभ मिला। अलख पांडे, अध्यापक,संस्थापक और सीईओ, फिजिक्सवाला, ने कहा, सभी सफल छात्रों को बधाई! आपकी मेहनत ने बेहतरीन परिणाम दिए हैं। मैं उन छात्रों पर भी गर्व करता हूं, जिन्होंने अपेक्षित परिणाम नहीं प्राप्त किए। हताश न हों, अगले दो महीने आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। सेशन 2 की परीक्षा के लिए नियमित रिवीजन और सेशन 1 के पेपर का अभ्यास करें, क्योंकि परीक्षा का कठिनाई स्तर समान रहेगा। अपने लक्ष्य पर ध्यान दें, निरंतर सुधार करते रहें और प्रक्रिया पर भरोसा रखें। हम हर कदम पर आपके साथ हैं। अप्रैल 2025 में आयोजित होने वाले जेईई मेन सेशन 2 की तैयारी में जुटे छात्रों के लिए पीडब्लू निरंतर संसाधन, मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान कर रहा है। उनकी तैयारी में सहायता के लिए फिजिक्सवाला ने मंज़िल 2.0 नामक नि:शुल्क एवं संपूर्ण रिवीजन सीरीज़ शुरू की है।

## राजस्थान : एमएसपी पर मूंगफली खरीद अवधि 28 फरवरी तक के लिए बढ़ाई

**जयपुर( एजेंसी )।** राज्य में किसान और खेती मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहली प्राथमिकता है। इसी कड़ी में राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद प्रक्रिया को लगातार सुलभ बनाया गया है। प्रदेश में मूंगफली खरीद की अवधि को 28 फरवरी तक बढ़ाया गया है। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि राज्य सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय को पत्र लिखकर खरीद अवधि बढ़ाने का आग्रह किया था। दक ने बताया कि भारत सरकार से प्राप्त स्वीकृति के अनुसार पूर्व में पंजीकरण करवा चुके किसान उक्त बढ़ी हुई अवधि में अपनी जिन्स का विक्रय कर सकेंगे। इसके अंतर्गत नए पंजीकरण नहीं होंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त पात्र किसानों से नियमानुसार तुलाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे मूंगफली विक्रय के इच्छुक किसान तुलाई से वंचित नहीं रहे। साथ ही, किसानों को तुलाई केन्द्रों पर कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए भी सभी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। सहकारिता मंत्री ने बताया कि पूर्व में मूंगफली खरीद की अवधि 15 फरवरी तक निर्धारित थी। किसानों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाने के लिए भारत सरकार से खरीद अवधि बढ़ाने का आग्रह किया गया था। दक ने बताया कि मूंगफली विक्रय के लिए 1 लाख 33 हजार 296 किसानों ने अपना पंजीकरण करवाया है, जिनमें से अब तक 85 हजार 506 किसानों से खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि अब तक किसानों से 2058 करोड़ रुपये कीमत की 3.03 लाख मीट्रिक टन से अधिक मूंगफली की खरीद की जा चुकी है।

## किसानों की समृद्धि की ओर एक कदम, होंडा इंडिया फाउंडेशन ने उत्तर प्रदेश में एफपीओ के साथ सहकारिता समझौता किया

**रायपुर:** होंडा इंडिया फाउंडेशन (एचआईएफ) ने आज उत्तर प्रदेश सरकार के साथ एक सहकारिता समझौता (एमओसी) किया है। इसके तहत 'प्रोजेक्ट अन्नदाता- सशक्त किसान, समृद्ध राष्ट्र' की शुरुआत हुई, जिसका उद्देश्य राज्य में फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ) को सहयोग देना और सशक्त बनाना है। यह प्रोजेक्ट एफपीओ के समग्र विकास पर केंद्रित है, जिसमें किसानों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना, उन्हें बाजार से बेहतर जोड़ना और कृषि क्षेत्र में टिकाऊ वृद्धि को बढ़ावा देना शामिल है। एमओसी पर हस्ताक्षर नई दिल्ली में हुए, जहां प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं, जिनमें उत्तर प्रदेश के माननीय कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही और होंडा इंडिया फाउंडेशन के ट्रस्टी श्री विनय ढींगरा और श्री कातसुयुकी ओज़ावा शामिल थे। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई), होंडा इंडिया पावर प्रोडक्ट्स (एचआईपीपी) और होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) के प्रतिनिधि भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। यह होंडा के ग्रामीण विकास के प्रति सहयोगी दृष्टिकोण को दर्शाता है। इस अवसर पर होंडा इंडिया फाउंडेशन के ट्रस्टी श्री विनय ढींगरा ने कहा, होंडा इंडिया फाउंडेशन में हम ग्रामीण समुदायों को सशक?त करने और कृषि की उत?पादकता बढ़ाने के लिये समर्पित हैं। यह बातें भारत सरकार की सोच के अनुसार तो हैं ही, 2025 के यूनियन बजट में भी दिखती हैं। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, दलहन में आत्मनिर्भरता का मिशन और किसानों के लिये उचित दाम सुनिश्चित करना जैसी पहलें हमारे उद्देश्यों के ही मुताबिक हैं। प्रोजेक्ट अन्नदाता के माध्यम से एफपीओ को सशक्त करने के लिये हमारे प्रयास इन्हीं प्राथमिकताओं के अनुसार हैं। हम संसाधनों तक किसानों की पहुँच को बढ़ा रहे हैं और कृषि के लिये एक सुदृढ परितंत्र बना रहे हैं, जिससे उन्हें बड़े पैमाने पर फायदा होगा। इस गठजोड़ से हमारे लिये जमीनी स्तर पर सार्थक रूप से असर डालना संभव हो जाएगा। हम कृषि के लिये एक अधिक मजबूत और समृद्ध परितंत्र के विकास में योगदान देना जारी रखेंगे।' ' इस पहल के तहतहोंडा इंडिया फाउंडेशन (एचआईएफ) अपने क्रियान्वयन भागीदार के माध्यम से उत्तर प्रदेश में 10 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को सशक्त बनाएगा।

## एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड ने लॉन्च किए फार्मट्रैक प्रोमैक्स सीरीज़ के ट्रैक्टर

**नईदिल्ली।** एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड (ईकेएल) ने अपने फार्मट्रैक ब्रांड के तहत नई फार्मट्रैक प्रोमैक्स सीरीज़ के ट्रैक्टर लॉन्च किए हैं। यह सीरीज़ 39-47 एचपी के सेगमेंट में भारतीय किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। इस सीरीज़ में 2WD और 4WD वेरिएंट्स में प्रोमैक्स 39, प्रोमैक्स 42, प्रोमैक्स 45 और प्रोमैक्स 47 मॉडल शामिल हैं। नई सीरीज़ में दमदार परफॉर्मेंस के साथ-साथ आकर्षक स्टाइल और उन्नत सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है। फार्मट्रैक ब्रांड भारत में लंबे समय से मौजूद है, जिसके पास एक भरोसेमंद ग्राहक वर्ग है। प्रोमैक्स सीरीज़ बेहतर टेक्नोलॉजी के साथ इस विरासत को आगे बढ़ा रही है। ये नए ट्रैक्टर ज्यादा आधुनिक और इनोवेटिव हैं। इस सीरीज़ में बेहतरीन परफॉर्मेंस के साथ आकर्षण और स्टाईल पर भी ध्यान दिया गया है। प्रोमैक्स ट्रैक्टर्स में अत्याधुनिक 3 सिलेंडर प्रोमैक्स इंजन लगा है, जो बेहतर माईलेज के साथ शानदार पॉवर आउटपुट प्रदान करता है। इसलिए इन ट्रैक्टरों के संचालन की लागत कम है। इसमें हैवी ड्यूटी 12F + 3R मल्टी-स्पीड कॉन्सटेंट मेश ट्रांसमिशन के साथ हेलिकल गियर और आधुनिक लुब्रिकेशन टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है, जिससे वन फिंगर गियर शिफ्टिंग, कम से कम शोर, बेहतर ट्रैक्शन और लंबी ड्यूरेबिलिटी मिलती है। इसके स्टैंडर्ड ईपीआई रिडक्शन द्वारा ट्रैक्टर की क्षमताएं बढ़ जाती हैं, जिससे यह रियल एक्सल पर भारी लोड आसानी से संभाल सकता है। इसकी माल ढोने की क्षमता 2000 किलोग्राम है। इसमें स्मार्ट प्रो लिफ्ट स्विच और सर्वश्रेष्ठ हाईड्रॉलिक्स की विशेषताएं दी गई हैं, जिनकी मदद से यह सीरीज़ उपकरणों की सुगम हैंडलिंग कर सकती है। ज्यादा आरामदायक बनाने के लिए इन ट्रैक्टरों में प्रीमियम फ्लोर मैट के साथ फ्लैट प्लेटफॉर्म, ज्यादा आरामदायक सीट, और सिंगल पीस बोनेट डिज़ाईन दिया गया है, जिससे ड्राईवर की सुविधा और आराम बढ़ते हैं। ईकेएल में ट्रैक्टर बिज़नेस डिवीज़न के चीफ ऑफिसर, श्री नीरज मेहरा ने कहा, प्रोमैक्स सीरीज़ नए युग के किसानों के लिए तैयार की गई है, ज्यादा आधुनिक टेक्नोलॉजी वाले, संचालन में आसान और स्टाईलिश ट्रैक्टर चाहते हैं।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शनिवार 15 फरवरी 2025

## आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह को मिला प्रमोशन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) वेतनमान में पदोन्नति दी गई है। गृह विभाग इस संबंध में आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, उन्हें 02 जुलाई 2024 से प्रभावी रूप से भारतीय पुलिस सेवा वेतन नियम, 2016 के तहत वेतन मेट्रिक्स लेवल 16 (2,05,400 -2,24,400) में पदोन्नत किया गया है। बता दें कि कैट के रास्ते सेवा बहाली के बाद हाल ही में जीपी सिंह एडीजी से डीजी भी प्रमोट हुए थे।



# संक्षिप्त समाचार

## रायपुर रेल मंडल में अभनपुर से राजिम के बीच नवनिर्मित ब्राडगेज लाइन में 13 फरवरी 2025 से परीक्षण एवं निरीक्षण





**रायपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, अभनपुर से राजिम के बीच नवनिर्मित ब्राडगेज रेलवे लाईन के ऊपर ट्रायल चालू हो गया है तथा हाई स्पीड ट्रेन 13 फरवरी 2025 से परीक्षण एवं निरीक्षण के उद्देश्य से चलना शुरू हो जाएगी। अत: समस्त जन-सामान्य को सूचित किया जाता है कि रेलवे लाईन से पर्याप्त दूरी बनाकर रखें। सभी समपार फाटक को सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा ट्रेन न होने पर ही पार करें। किसी भी व्यक्ति को प्लेटफार्म में टहलना, अनाधिकृत रूप से लाईन पार करना, लाईन के ऊपर बैठना, पशुओं को लाईन के पास चराने से मना किया जाता है। उपरोक्त आदेश की अवहेलना के कारण दुर्घटना हो सकती है और रेलवे एक्ट के तहत संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## एनएमडीसी बचेली कॉम्प्लेक्स द्वारा जारी सूचना

**बचेली (विश्व परिवार)।** मेसर्स अपोलो हॉसपिटल एंटरप्राइज लिमिटेड, हैदराबाद से प्राप्त संचार के अनुसार डॉ विजय कुमार जेठानंद वलेचा की मुख्य चिकित्सा प्रशासक, एनएमडीसी अपोलो सेन्ट्रल अस्पताल, बचेली के रूप में सेवाएं दिनांक 13-02-2025 से समाप्त कर दी गई हैं। हमारे संज्ञान में यह भी आया है कि एनएमडीसी अपोलो सेन्ट्रल हॉसपिटल, बचेली के सीनियर जीडीएमओ डॉ. ख्वाजा मोहिद्दीन की बर्खस्तगी के बारे में स्थानीय मीडिया में कुछ खबरें प्रसारित हुई हैं। एनएमडीसी बचेली कॉम्प्लेक्स को इस संबंध में मेसर्स अपोलो हॉसपिटल एंटरप्राइज लिमिटेड, हैदराबाद से कोई सूचना नहीं मिली है। एनएमडीसी बचेली कॉम्प्लेक्स यह भी स्पष्ट करता है कि एनएमडीसी अपोलो सेन्ट्रल हॉसपिटल, बचेली के लिए आवश्यक सभी प्रकार की दवाईयों की खरीद सीएमए, एनएमडीसी अपोलो सेन्ट्रल हास्पीटल, बचेली द्वारा दी गई आवश्यकता के आधार पर एनएमडीसी बचेली कॉम्प्लेक्स द्वारा की जा रही है। इसके अलावा अपोलो अस्पताल के किसी भी डॉक्टर की अस्पताल के लिए दवा की खरीद में कोई भूमिका नहीं है।

## मैक कॉलेज की वंशिका और तिरिशा बने यूनिवर्सिटी टॉपर



**रायपुर (विश्व परिवार)।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) के बी.बी.ए. के 7 विद्यार्थियों तथा बी.कॉम. के 3 विद्यार्थियों ने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वद्यालय की मेरिट सूची में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। जिसमें बी.बी.ए. की वंशिका अग्रवाल प्रथम स्थान पर गोल्ड मेडल के साथ रही तथा हर्षिता सेठिया द्वितीय, जीविषा परमार तृतीय, शैल अग्रवाल पांचवे, अदिति हरदहा छंटवा, प्रतिष्ठा सेन सांतवा एवं शैली सोनी दसवें स्थान पर रहीं। उसी प्रकार बी. कॉम. तृतीय वर्ष के 3 विद्यार्थियों ने मेरिट में अपना स्थान बनाया। जिसमें सी.एच. तिरिशा प्रथम स्थान पर गोल्ड मेडल के साथ रही तथा अनुष्का चक्रबर्ती चैथे स्थान पर एवं आशीष कुमार पटेल सातवें स्थान पर रहें। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वद्यिालय में बी.बी.ए. में कुल 570 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुये थे, जिसमें जारी की गई 10 विद्यार्थियों की मेरिट सूची में 7 विद्यार्थी महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज के शामिल थें, इसी प्रकार विश्वद्यिालय के बी.कॉम. में कुल 6556 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुये थे, जिसमें जारी की गई 10 विद्यार्थियों की मेरिट सूची में 3 विद्यार्थी महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज के शामिल हुये।

कॉलेज के चेयरमैन श्री राजेश अग्रवाल जी ने समस्त छात्र-छात्राओं, प्राचार्य डॉ. एम.एस. मिश्रा, प्रबंध विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. इला दीक्षित, वाण्जिय विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. श्वेता तिवारी एवं समस्त शिक्षकों को उनके अटूट समर्पण और प्रयासों के लिए बधाई एवं शुभकामनांए दी।

महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक विकास के लिये समय-समय पर वर्कशॉप, सेमिनार, ट्रेनिंग सेशन तथा स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम (एस.डी.पी.) का आयोजन किया जाता है। छात्र-छात्राओं प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए सतत् रूप से आंकलन कर उचित मार्गदर्शन दिया जाता है।

महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज सदैव ही विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक विकास हेतु तत्पर रहता है जिसका परिणाम मेरिट की सूची में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

## ग्राम पंचायत दोंदेखुर्द के सर्वांगीण विकास हेतु पुनः एक बार आप सभी का आशीर्वाद चाहिए : अशोक कुमार साहू



**दोंदेखुर्द/रायपुर (विश्व परिवार)।** ग्राम पंचायत दोंदेखुर्द के पूर्व सरपंच अशोक कुमार साहू ने ग्राम वासियों से उनके द्वारा पूर्व कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों का हवाला देते हुए विनम्र निवेदन किया की एक बार पुन: उन्हें सरपंच पद हेतु चुने एवं ग्राम पंचायत के रुके हुए अधूरे कार्यों को पूर्ण करने में अपना आशीर्वाद प्रदान करें उन्होंने आगे कहा कि उनके द्वारा मुख्य मार्ग से माढन पहुंच तक सड़क निर्माण , बस्ती पारा के मुख्य तालाब का सौंदरीकरण ग्राम पंचायत की गलियों में रोड निर्माण, नाली निर्माण महिलाओं की सुरक्षा हेतु हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सीसीटीवी कैमरा ,पेयजल एवं सफाई का विशेष प्रबंधन ,राशन वितरण की वार्डों में अलग से व्यवस्था, गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना दिलाना उनका प्राथमिक कार्य रहेगा।

साथ ही महतारी बंधन में छुट्टी माताओं बहनों के लिए उनका नाम जुड़वा कर उन्हें महतारी बंधन का लाभ दिलवाने के लिए प्रमुखता से कार्य किया जाएगा अशोक कुमार साहू ने चश्मा चुनाव चिन्ह पर वोट देकर उन्हें एक बार पुन: सरपंच बनाने के लिए समस्त ग्राम पंचायत वासियों से अपील की है उन्होंने ग्राम पंचायत वासियों को भरोसा दिलाया की ग्राम पंचायत वासियों के कदम से कदम मिलाकर सदैव चलूंगा एवं उनकी सभी समस्याओं के निराकरण हेतु सतत प्रयास करता रहूंगा।

## विशाल रैली : चटौद ग्राम पंचायत को विकास के साथ साथ स्वच्छ एवं सुंदर ग्राम पंचायत बनाना मेरी पहली प्राथमिकता क्रांति चंद्राकर



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर जिले की आरंग जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत चटौद से सरपंच पद हेतु शिक्षित मिलनसार प्रत्याशी क्रांति हेमचंद चंद्राकर ने चटोद ग्राम में विशाल रैली निकालकर ग्राम वासियों से समर्थन एवं आशीर्वाद मांगा उन्होंने दैनिक विश्व परिवार से चर्चा करते हुए कहा की पूर्व में हमारे पिताजी हेमचंद चंद्राकर द्वारा तमाम विकास के कार्य किए गए हैं जिसकी वजह से विगत 15 वर्षों से ग्राम वासियों का आशीर्वाद हमें मिलता आया है आगे कहा कि मेरे पिताजी के कार्यकाल में गांव में रोड नाली निर्माण सहित स्वच्छता के लिए कार्य किया गया है उन्हीं के नक्शे कदम पर चलकर में ग्राम वासियों की सेवा करूंगा और गांव को आगे लेकर जाऊंगा ग्राम पंचायत के रुके हुए विकास कार्यों को पूर्ण करने की संपूर्ण कोशिश मेरे द्वारा की जाएगी उन्होंने ग्राम वासियों को भरोसा दिलाया कि उनके द्वारा महतारी बंधन में छूटे लाभार्थियों को लाभ दिलाया जाएगा, आवासहीन ग्राम वासियों को प्रधानमंत्री आवास दिलाया जाएगा, ग्राम पंचायत के समस्त तालाबों का सौंदर्यकरण, बिजली, पेयजल सुविधा की समुचित व्यवस्था की जाएगी स्कूल का उन्नयन ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु अस्पताल का निर्माण उनकी प्राथमिकता रहेगी उन्होंने ग्राम पंचायत की देव तुल्य जनता से उनके चुनाव चिन्ह चश्मा पर एक नंबर पर मोहर लगाकर अधिक से अधिक मतों से विजई बनाते हुए आशीर्वाद मांगा उन्होंने एक बार पुन: जनता को भरोसा दिलाया कि उनके द्वारा चटोद ग्राम पंचायत का विकास के साथ-साथ ग्राम पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना पूर्ण योगदान देंगे।

## जनपद पंचायत आरंग क्षेत्र क्रमांक-18 प्रत्याशी दीपा विजय शंकर मनु का सघन जनसंपर्क जारी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** पंचायत में विकास के लिए प्रत्याशियों ने अपना नामांकन भर दिया है बताते चले कि जनपद पंचायत आरंग क्षेत्र क्रमांक 18 से जनपद प्रत्याशी श्रीमती दीपा विजय शंकर मनु ने चुनावी मैदान में ताल ठोक दी है उनका चुनावी चिन्ह ब्लैक बोर्ड है जिसे लेकर वह ग्राम वासु के बीच जा रही है और उन्हें बता रहे हैं बताते चलें कि दीपा विजय शंकर मनु ने मीडिया से चर्चा करते वक्त कहा कि ग्राम वासियों की विकास के लिए और मूलभूत सुविधाओं को सशक्त करने के लिए वह कार्य करेंगे और गांव में रोड एवं गलियारों में नाली निर्माण का कार्य किया जाएगा साथ ही गांव को नशा मुक्ति किया जाएगा जिससे वातावरण स्वच्छ और सुगम हो सके आगे उन्होंने कहा कि लगातार वह जनसंपर्क कर रही हैं और लोगों से आशीर्वाद ले रहे हैं जनता संगरूर करते वक्त उन्होंने कहा कि मतदाता अपने मत का पूर्ण उपयोग कर उन्हें जनपद सदस्य बनाएं और अपने गांव का सर्वश्रेष्ठ विकास करने में सहभागिता निभाएं।

## आरंग जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 18 से लक्ष्मी यशवंत टंडन को मिल रहा ग्राम वासियों का भरपूर आशीर्वाद



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर प्रत्याशियों द्वारा जनसंपर्क किया जा रहा है। बताते चलें कि आरंग जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 18 से जनपद सदस्य हेतु लक्ष्मी यशवंत टंडन ने नामांकन भरा प्रचार प्रसार कर रही हैं बताते चले की लक्ष्मी यशवंत टंडन बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद ले रही है और उनसे जन समर्थन देने की बात कह रही है दैनिक विश्व परिवार समाचार पत्र से खास चर्चा करते वक्त उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त करने के लिए स्वस्थ सहायता समूह का क्रियान्वयन किया जाएगा साथ ही महतारी वंदन योजना से वंचित महिलाओं को लाभान्वित करने पुन: एक बार फार्म भराई जाएंगे आगे उन्होंने कहा कि गांव के विकास के लिए कार्य किया जाएगा और तालाबों का सौंदर्य करण भी किया जाएगा मतदान के दिन जनता अनुरोध करते हुए कहा कि जनता बढ़-चढ़कर मतदान करें और गांव के विकास की रहा को आसान करें।

## मतगणना स्थल तक पहुंचने यातायात पुलिस ने विशेष पार्किंग और यातायात प्लान किया जारी

**रायपुर (आरएनएस)।** नगर निगम चुनाव की मतगणना 15 फ़रवरी को शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, सेजबहार में होगी। चुनाव प्रक्रिया के सुचारू संचालन के मद्देनजर रायपुर यातायात पुलिस ने विशेष पार्किंग और यातायात प्लान जारी किया है, जिससे मतगणना स्थल के आसपास व्यवस्था बनी रहे।

शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के मुख्य द्वार से केवल पर्यवेक्षक (ऑब्जर्वर), रिटर्निंग ऑफ़िसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के वाहनों को प्रवेश की अनुमति होगी।

मतगणना कार्य में संलग्न सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने वाहन इंजीनियरिंग कॉलेज के गेट के बाजू स्थित मैदान में पार्क करेंगे और पैदल मतगणना स्थल पर पहुंचेंगे। प्रत्याशी एवं उनके गणना एजेंट अपने वाहन इंजीनियरिंग कॉलेज के मुख्य द्वार के सामने निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़े कर पैदल मतगणना स्थल में प्रवेश करेंगे। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के वाहनों के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज के मुख्य द्वार के बाहर विशेष पार्किंग स्थल निर्धारित किया गया है। मतगणना के दौरान भारी वाहनों को पुराना धमतरी रोड, कमल विहार तिराहा और भरेंगाभाठा चौक से डायवर्ट किया जाएगा, ताकि मतगणना स्थल के आसपास यातायात बाधित न हो। यातायात पुलिस ने आम जनता से सहयोग की अपील की है और निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है।

## पंडरिया निकाय चुनाव में हार के डर से घबराई कांग्रेस, भाजपा प्रत्याशी से मारपीट एवं महिला प्रत्याशी से अभद्रता के साथ ही कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मचाया उत्पाद

### विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में पंडरिया में अपराध पर अंकुश लगने और अवैध कारोबार, भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी बंद होने से बौखलाए कांग्रेसी



**पंडरिया (विश्व परिवार)।** पंडरिया विधानसभा में पिछले पांच वर्षों में नगर की अस्थिर सरकार में हो रहे कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा के आने के बाद से अंकुश लगने से कांग्रेस के नेताओं का दाना-पानी बंद हो गया है, इससे बौखलाए कांग्रेसी नेता और उनके कार्यकर्ताओं ने निकाय चुनाव के दौरान जमकर गुंडागर्दी और उत्पाद मचाया। पंडरिया विधायक भावना बोहरा पर भी कांग्रेसी नेताओं ने हमले की साजिश रची लेकिन सफल नहीं हो सके। इसी बीच भाजपा की महिला पार्षद प्रत्याशी के साथ भी कांग्रेसियों ने अभद्रता की उनके साथ छेड़छाड़ किया और डराने-धमकाने का प्रयास भी किया गया जिसके विरुद्ध पंडरिया थाने में इसकी स्नक्कभी दर्ज कराई गई है। वहीं वार्ड नंबर 16 के भाजपा प्रत्याशी नरोत्तम साहू के घर घुसकर कांग्रेसी गुंडों ने प्रत्याशी का सर फोड़ा तथा उनके परिवारजनों के साथ भी मारपीट की।

दरअसल पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस के नेताओं ने नगर पालिका पंडरिया में उनकी पार्टी के अध्यक्ष रहते जमकर पैसों का बन्दरबाँट किया। विकास कार्यों के नाम पर केवल भ्रष्टाचार किया, डीजल और जल आवर्धन घोटाले जैसे घोटालों से जनता में कांग्रेस के खिलाफ आक्रोश स्पष्ट दिख रहा था, इसलिए पंडरिया में कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा को बदनाम करने और अपनी बौखलाहट दूर करने के लिए जमकर गुंडागर्दी एवं उपद्रव मचाया जिससे नगर में शांति व्यवस्था भंग हुई। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं और उनके कार्यकर्ताओं एवं गुंडों ने जमकर शहर में हंगामा किया। मतदाताओं को डराने धमकाने का प्रयास किया। इससे जनता में कांग्रेस के प्रति नाराजगी स्पष्ट दिखाई दे रही थी। आपको बताते चलें की पंडरिया विधायक भावना बोहरा की ईमानदार छवि कांग्रेसी नेताओं को चुभने लगी है। जबसे भावना बोहरा पंडरिया की विधायक बनी हैं तब से पंडरिया में अवैध कारोबार पर अंकुश लगा है, अपराधियों पर लगाम लगी है, भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी पूरी तरह समाप्त हो गया है जिसके चलते कांग्रेसी नेताओं की आमदनी नहीं हो रही है।

चुनाव के एक दिन पूर्व खुद विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया में शांति पूर्ण तरीके से चुनाव हो इसके लिए कमान संभाली। पूरी रात उन्होंने जागते हुए कांग्रेसियों द्वारा उपद्रव मचाने की कोशिशों का नाकाम किया। बाहर से आए कांग्रेस के किराए के गुंडे बदमाशों के साथ कांग्रेसी नेताओं ने महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया, मतदाताओं को धमकाया और नगर में अराजकता फ़ैलाने का प्रयास किया, लेकिन पंडरिया विधायक भावना बोहरा की तत्परता से नगर में शांति व्यवस्था और अराजकता फ़ैलाने वाले लोगों के इरादों को नाकाम किया, जिससे कांग्रेसी नेता अपनी हार होते देखकर उनपर झूठे आरोप लगा रहें हैं। कांग्रेसियों द्वारा नगर में जनता को शराब और पैसे बाटकर उनका वोट परिवर्तित करने का प्रयास किया।

आज पंडरिया में विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में महज 14 महीनों में 10 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों एवं अधोसंरचना निर्माण के कार्यों को भाजपा सरकार में स्वीकृति मिली है। कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार में पांच वर्षों तक हरिनाल पुल के निर्माण की मांग को लेकर पंडरिया की जनता गुहार लगा रही थी लेकिन भाजपा के सुशासन में आज हरिनाल पुल का निर्माण शुरू हो चुका है। पंडरिया बाईपास की बहुप्रतीक्षित मांग भी विधायक भावना बोहरा और भाजपा सरकार के नेतृत्व में प्रगति पर है। आज पूरी पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ विकास कार्यों को गति मिल रही है।

## रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा ऑपरेशन यात्री सुरक्षा, ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते व ऑपरेशन अमानत अभियान के तहत किए गए कार्य सराहनीय



**रायपुर/बिलासपुर (विश्व परिवार)।** रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रेल यात्रियों, रेल संपत्ति की सुरक्षा के साथ ही साथ अपने सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन सर्वाच्च प्राथमिकता के साथ कर रही है। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा कर्तब्यनिष्ठा से जरूरतमंद यात्रियों, महिलाओं और बच्चों को सहायता प्रदान करने के साथ-साथ यात्रियों एवं उनके कीमती सामानों की सुरक्षा के किए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ़), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा ऑपरेशन यात्री सुरक्षा, ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते व ऑपरेशन अमानत अभियान के तहत किए गए सराहनीय कार्यों का विवरण इस प्रकार है- ऑपरेशन अमानत-रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के तीनों मंडलों (बिलासपुर, रायपुर, नागपुर) द्वारा यात्री ट्रेनों और स्टेशनों में भूलवश छोड़े गए सामानों को ''ऑपरेशन अमानत'' के तहत रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा यात्रियों को सुपुर्द किया जाता है। रेलवे सुरक्षा बल को रेल मदद, ट्वीटर या अन्य माध्यमों से रेल यात्रियों के भूलवश छूटे सामानों की जानकारी सुरक्षा नियंत्रण कक्ष को मिलती है, सुरक्षा नियंत्रण कक्ष में तैनात स्टाफ के द्वारा यात्रियों के दिए गए मोबाईल से संपर्क कर उनके ट्रेन नम्बर, कोच नम्बर या स्टेशनों की जानकारी प्राप्त कर अगले आने वाले रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट को सूचित किया जाता है, संबधित रेलवे सुरक्षा बल, पोस्ट द्वारा यात्री के द्वारा बताए अनुसार कोच/स्थान में पहुंचकर उनके छुटे हुए सामान को प्राप्त कर यात्री को सूचित किया जाता है और यात्री रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट में पहुच कर अपने कीमती सामान को प्राप्त करता है। यात्रियों द्वारा रेलवे सुरक्षा बल के इस सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा एवं धन्यवाद दिया जाता है। रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के द्वारा ''ऑपरेशन अमानत'' के तहत वर्ष-2024 में कुल-1221 यात्री सामानो जिनका मूल्य -2.83 करोड़ है, यात्रियो को सुपुर्द किया गया है। इसके साथ ही वर्ष-2025(जनवरी तक) में कुल-144 यात्री सामानो जिनका मूल्य -23.53 लाख है, यात्रियो को सुपुर्द किया गया है।

ऑपरेशन नन्हे फरिस्ते-रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के तीनों मंडलों (बिलासपुर, रायपुर, नागपुर) में अपने घर से बिछड़े बच्चों को उनके परिजनों से मिलाने के लिए ऑपरेशन नन्हे फरिस्ते के तहत कार्य किया जा रहा है। जिसमें रेलवे स्टेशन/रेलवे परिसर एवं यात्री ट्रेनों में घर से बिछड़े/किसी कारणवश घर से भागे बच्चों को रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा रेसक्यू किया जा रहा है। जिसे रेलवे बोर्ड के द्वारा जारी गाईड लाईन का पालन करते हुए चाईल्ड हेल्प ग्रुप के माध्यम से मान्यता प्राप्त चाईल्ड हेल्प लाईन को सुपुर्द किया जा रहा है। जहॉ से बच्चों को उनके परिवार को सुपुर्द किया जाता है, जिससे बिछड़े बच्चों एवं उनके परिवार की मुस्कान वापस लाकर रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर द्वारा वर्ष 2023 एवं 2024 में ऑपरेशन नन्हे फरिस्ते के तहत किए गए रेसक्यू का विवरण इस प्रकार है- अवैध टिकट दलाली-रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर द्वारा आपरेशन उपलब्ध के तहत अवैध टिकट दलालों के विरूद्ध कार्यवाही की जाती है। जिसके तहत तीनों मंडलों द्वारा वर्ष 2024 में 327 अवैध टिकट दलालों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीबन 1.27 करोड़ रूपये की टिकट बरामद कर रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत कार्यवाही की गई है। इसके साथ ही वर्ष-2025 मे अबतक 33 अवैध टिकट दलालों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीबन 9.23 लाख रूपये की टिकट बरामद कर रेलवे अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है, जिसके अंतर्गत अधिकतम 3 वर्ष की सजा का प्रावधान है।

ऑपरेशन यात्री सुरक्षा-रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर द्वारा यात्री संबंधित अपराधों की रोकथाम हेतु महत्वपूर्ण स्टेशनों में यात्री संबधित अपराधों का विश्लेषण कर अपराधियों को धरपकड़ किया गया, इसके लिए तीनों मंडलों में स्पेशल टास्क टीम, प्रत्येक पोस्ट स्तर पर टीम एवं सभी अपराध गुप्तचर शाखाओं को भी एक्टिव किया गया। जिसके तहत वर्ष-2024 में बड़े स्टेशन बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग एवं गोदिंया में यात्रियों से संबंधित अपराध करने वाले 267 आरोपियों तथा वर्ष-2025 मे अबतक 60 आरोपियों को गिरफ्तार कर शासकीय रेलवे पुलिस / स्थानीय पुलिस को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया है ढ्ढ जिसमे दिनांक 07.02.2025 को बिलासपुर-टीटलागढ़ पैसेंजर मे यात्री सामानो की चोरी मे शामिल 05 अंतर्राजीय पेपर गैंग भी शामिल है, जिनके कब्जे से करीबन 06 लाख के गहने बरामद किए गए है।






प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354